दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 72 सीकर, शनिवार 09 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# सुवेंदु अधिकारी बंगाल के सीएम होंगे

## शाह ने गले लगाया, बोले- घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे; महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी



कोलकाता।

सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया।

शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी।

सुवेंदु कल सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में क्क मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

56 साल के सुवेंदु ने सीएम ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

### शाह के संबोधन की 5 बड़ी बातें; कहा- बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

**गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार:** 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी।

**बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ :** 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया।

**भाजपा के 3 से 207 विधायक हुए:** हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

**घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे:** भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है।

**बंगाल की जनता को धन्यवाद:** भाजपा पर भरोसा करके बंगाल की जनता को प्रचंड विजयी देने के लिए धन्यवाद। बंगाल की जनता ने जो अपेक्षाएं रखी हैं, हम पूरी कोशिश करेंगे कि आपके भरोसे को थोड़ा भी ठेस न पहुंचे।

## यूएई का दावा- ईरान ने मिसाइल और ड्रोन दागे: हवा में मार गिराया, 3 घायल

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

**संयुक्त अरब अमीरात ( यूएई )** ने दावा किया है कि ईरान ने उसके खिलाफ 2 बैलिस्टिक मिसाइल और 3 ड्रोन दागे हैं। यूएई रक्षा मंत्रालय ने ट्वीटर पर पोस्ट कर कहा कि सभी टारगेट्स को हवा में ही मार गिराया गया। हमले में 3 लोग घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे पर ईरान की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसी बीच अमेरिका ने सीजफायर के बावजूद ईरान पर फिर बमबारी की। अमेरिका ने कहा कि ईरानी सेना ने उसके जंगी जहाजों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नावों से हमला किया था।




इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा। वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज स्ट्रेट और चाबहार पोर्ट के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया।

## एएसआई 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय की जयपुर नगर तृतीय टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए टोंक जिले के दत्तवास थाना में तैनात सहायक उपनिरीक्षक गणेश नारायण चौधरी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर तृतीय को शिकायत मिली थी कि परिवादी के खिलाफ दत्तवास थाना में दर्ज प्रकरण संख्या 50/26 में मदद करने तथा पुलिस द्वारा जब्त मोबाइल लौटाने की एवज में आरोपी एएसआई 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक द्वितीय जयपुर ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश नवल के नेतृत्व तथा उप अधीक्षक पुलिस सुरेश कुमार स्वामी व टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी एएसआई गणेश नारायण चौधरी को रिश्वत राशि लेते हुए धर दबोचा। एसीबी आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई जारी है।

## कोबरी-सार




# एक्टर विजय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री होंगे...

## राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा, सरकार बनाने की मंजूरी मिली; आज शपथ संभव



चेन्नई।

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस खत्म हो गया है। टीवीके चीफ और एक्टर विजय मुख्यमंत्री बनेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय को सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। विजय कल सीएम पद की शपथ ले सकते हैं।

विजय ने शुक्रवार को लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को टीवीके, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई(एम) और वीसीके के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं। इनमें दो सीटों पर विजय जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में कुल विधायक 107 हैं। कांग्रेस के 5 और सीपीआई, सीपीआई(एम), वीसीके के 2-2 विधायकों के समर्थन से टीवीके ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है।

इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

### टीवीके समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया

टीवीके को बहुमत नहीं मिलने के केस में डीएमके और एआईएडीएमके में गठबंधन के बाद सरकार गठन की अटकलें हैं। टीवीके ने कहा कि अगर दोनों पार्टियों ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, तो उसके सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे। टीवीके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया। कांग्रेस से गठबंधन टूटने के बाद डीएमके ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट बदलने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि गठबंधन टूटने के बाद सदन में कांग्रेस के साथ बैठना सही नहीं है।

### टीवीके को सरकार बनाने के लिए बुलाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

तमिलनाडु के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को टीवीके को सरकार बनाने के लिए बुलाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता एझिलारसी ने खुद को पार्टी का सदस्य बताते हुए कोर्ट से कहा कि टीवीके को राज्य में सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं।

ऐसे में राज्यपाल द्वारा टीवीके चीफ को सरकार बनाने के लिए न बुलाना संविधान के खिलाफ है। कोर्ट को हस्तक्षेप कर राज्यपाल को निर्देश देना चाहिए कि टीवीके को सरकार बनाने के लिए बुलाए। हालांकि टीवीके सूत्रों ने इस बात से इनकार किया है कि पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में कोई अर्जी दी है।

# टोंक में बारिश, 6 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट

## जैसलमेर सबसे गर्म रहा, हीटवेव की चेतावनी



**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार दोपहर बाद टोंक में बारिश हुई। मौसम विभाग ने 6 जिलों (भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, अलवर) में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया। इससे पहले गुरुवार (7 मई) को भी मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया में बादल छाने, आंधी चलने के साथ ही हल्की बारिश और ओले गिरे थे। अलवर, टोंक और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में गुरुवार दोपहर बाद मौसम बदला और बारिश हुई थी। ओले भी गिरे थे। दौसा और सवाई माधोपुर में भी बारिश हुई थी। दूसरी ओर, पश्चिमी राजस्थान में तापमान बढ़ने से गर्मी तेज हो गई है। जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी, बीकानेर में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। जैसलमेर में गुरुवार सबसे ज्यादा गर्मी रही।

### इन शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, अलवर, सीकर, उदयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, प्रतापगढ़ के एरिया में गर्मी सामान्य से थोड़ी कम रही। इन शहरों में गुरुवार अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

### जैसलमेर में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस

जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, जोधपुर, फलोदी में तेज गर्मी रही। इन शहरों का अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। गुरुवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर में दर्ज हुआ।

# माकड़ी फाटक से सिरोही नदी तक फोरलेन सड़क में घोर भेदभाव

## गरीब-दलित-मजदूरों के घर-दुकान तोड़े जा रहे, अमीरों-राजनीतिक लोगों के पक्के अतिक्रमण पर सन्नाटा

निसं

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** कस्बा नीमकाथाना में सीआरआईएफ योजना के तहत बन रही 22 करोड़ रुपये की शाहपुरा-चिड़ावा फोरलेन सड़क (स्टेट हाइवे 13) में साफ-साफ भेदभाव का खुलासा करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तहसील कमेटी ने उपखंड अधिकारी नीमकाथाना के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। पार्टी ने आरोप लगाया कि खेतड़ी मोड़ से आरओबी तक शहर के बीच वाले हिस्से में गरीब, दलित और मजदूर वर्ग के लोगों पर अतिक्रमण हटाने का बेरहम दबाव बनाया जा रहा है जबकि अमीरों, राजनीतिक पहुंच वाले लोगों और भूमाफियाओं के पक्के कब्जे पर प्रशासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगरपालिका आँखें मूंदे बैठी हैं। ज्ञापन में पार्टी ने साफ कहा 2022-23 में 22 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। 15 अक्टूबर 2023 को काम शुरू हुआ। 6 मार्च 2025 को 181 पेड़ काटे गए। ढाई साल बाद भी सड़क अटकी पड़ी है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तहसील कमेटी ने सीधा आरोप लगाया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगरपालिका और प्रशासन भूमाफियाओं व कॉम्प्लेक्स मालिकों से मिलीभगत कर सड़क चौड़ीकरण को जानबूझकर रोक रहे हैं।

### पार्टी की ने दी चेतावनी

अगर सड़क चौड़ाई में यह भेदभाव जारी रहा तो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। पीड़ितों के साथ दोहरा व्यवहार हुआ तो हम जन आंदोलन छेड़ देंगे। इसका पूरा जिम्मेदार सरकार और स्थानीय प्रशासन होगा। ज्ञापन के जरिये मांग की कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार का भेदभाव तुरंत बंद हो। सभी अतिक्रमण बिना भेदभाव के हटाए जाएं। सड़क की निर्धारित 80 फीट चौड़ाई बहाल की जाए। ज्ञापन पर तहसील सचिव कामरेड गोपाल सैनी, एडवोकेट हरिसिंह सैनी, कामरेड रोशनलाल गुर्जर, रामनिवास सैनी, अजय ढिलाण समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए।



### स्थानीय स्तर पर गुस्सा चरम पर

**सड़क निर्माण में हो रहे इस घोर भेदभाव को लेकर आमजन में भारी नाराजगी है। लोग खुलकर कह रहे हैं गरीबों का घर-दुकान तोड़कर सड़क बनाई जा रही है, जबकि बड़े-बड़े अतिक्रमण बचे हुए हैं।**

## राजस्थान में 25 दिन रहा मध्यप्रदेश से आया चीता

### कूनो से आई टीम ने किया ट्रेंकुलाइज, रणथम्भौर से सटे गांवों में थी ज्यादा मूवमेंट

**सवाई माधोपुर।** मध्यप्रदेश से राजस्थान में आया एक चीता करीब 25 दिन तक रणथम्भौर टाइगर रिजर्व (सवाईमाधोपुर) में रहा। शुक्रवार को फलोदी रेंज के काला कुआं क्षेत्र में कूनो नेशनल पार्क (मध्यप्रदेश) से आई टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज किया। इसके बाद सुबह करीब 9:30 बजे टीम चीते को लेकर मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गई। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व फर्स्ट के डीएफओ मानस सिंह ने बताया - 14 अप्रैल को पहली बार पालीघाट रेंज के अजीतपुरा गांव में चीता केपी-2 को लोकेट किया गया था। इसके बाद से वह लगातार आसपास के गांवों में घूमता रहा। चीते ने इस दौरान करीब 175 किलोमीटर का सफर तय किया। पेरीफेरी एरिया (जंगल के आसपास का क्षेत्र) में अजीतपुरा, लहसोड़ा, लक्ष्मीपुरा, भैरूपुरा, जैतपुर, हलौंदा, कुशालीपुरा, जोन नंबर 7, 8 और 9 प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची मानव सेवा : सुराणा

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष में चूरू जिला मुख्यालय पर गढ़ परिसर के पास इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान भामाशाहों ने सेटेलाइट अस्पताल में फर्नीचर भेंट किया। इस दौरान पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ व छतर सिंह डागा सहित अतिथि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची मानव सेवा है। मानवता की सेवा के लिए हमारी सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों से हम अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करें। जिला कलक्टर ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता की निस्वार्थ सेवा का वैश्विक प्रतीक है। सोसाइटी द्वारा आपदा, स्वास्थ्य संकट और जरूरत की वैश्विक परिस्थितियों में लोगों तक राहत और सहायता पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने चूरू अंचल में सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया। पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ व छतर सिंह डागा आदि अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने मिशन मधुहारी पोस्टर का विमोचन किया। समिति के सचिव रघुनंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंसिया, वाइस चेयरमैन बृजेंद्र दाधीच, सुरेश सराफ, राजेश मांडवेवाला व राजकुमार भालेरीवाला ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव रघुनंदन शर्मा ने स्वागत करते हुए सोसायटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। जगदीश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर चूरू नगर परिषद व रतननगर नगरपालिका की 150 स्वच्छता सैनिकों को साड़ी व मिठाई उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इस मौके पर सुवटी देवी घनश्याम दास मांडवेवाला मातृ-शिशु कल्याण केंद्र व सेटेलाइट अस्पताल चूरू में भामाशाह हनुमान प्रसाद मानधाणिया द्वारा दो कूलर, शरद ताराचंद मरदा सेवा ट्रस्ट चूरू द्वारा दो व्हील चेयर, सराफ फाउंडेशन बैंगलोर द्वारा 6 पंखे, हरदत सारण व नवरत्न नवहाल द्वारा 5 थ्री सीटर बेंच, मंडावेवाला ट्रस्ट द्वारा संपूर्ण छत की मरम्मत व सोसायटी द्वारा 10 कुर्सियां प्रदान की गई। इस दौरान पीएमओ डॉ ओम प्रकाश धनिया, डॉ कोमल, डॉ मूमल, डॉ देवेंद्र, प्रधानाचार्य अमर सिंह कस्वां, बाबू पाटिल, परमेश्वर तिवारी, हर्षित गेट, मनोज शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापत आदि उपस्थित रहे। संचालन जगदीश शर्मा ने किया।

## मकानों में चोरी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने कस्बे में लगातार हो रही चोरियो का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 90 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 12 जनवरी को कस्बे के वार्ड 19 निवासी शीला पांडे ने रिपोर्ट दी कि वह 11 जनवरी को सुबह साढ़े आठ बजे घर के ताला लगाकर जयपुर गई थी। शाम के समय करीब 7 बजे घर पर वापस आई और मेन गेट का ताला खोलकर मकान में आकर उपर गई तब देखा दोनों कमरो के ताले टुटे हुए थे, सीसीटीवी कैमरे टुटे हुए थे किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैड में रखे नकद रुपये व अलमारी में रखे जेवरात चोरी कर लिये तथा कमरो में तोड़फोड़ कर डीवीआर भी चोरी कर ले गया। कस्बे में लगातार हो रही चोरियों को लेकर एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया तथा पुलिस टीम में पूर्व में खेतड़ी थाने में रहे कांस्टेबल राजवीर सिंह व एचसी चौखाराम को शामिल किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से काफी प्रयास के बाद आरोपी सोमवीर ऊर्फ मोटू निवासी वार्ड 18 चेलापुरी खेतड़ी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब दो लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व 90 हजार रूपये नकदी, चोरी किये गये रूपए से खरीदा हुआ कीमती मोबाईल फोन बरामद किया है। थानाधिकारी ने बताया कि चोरी की आरोपी के गहनता से पूछताछ की जा रही है। वारदात का खुलासा करने में डीएसटी टीम के कांस्टेबल राजवीर सिंह व एचसी चौखाराम की विशेष भूमिका रही। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश, पवन कुमार, चौखाराम, कांस्टेबल राजवीर सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

## ग्रेवल सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप




निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर से गैस गोदाम होते हुए जोगलिया जाने वाले कटानी रास्ते पर ग्रेवल सड़क निर्माण को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने सड़क निर्माण में अनियमितता एवं घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए तहसीलदार राजलदेसर के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य की जांच करवाने तथा पूरा मार्ग बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि नगरपालिका द्वारा करीब 3 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रस्तावित था लेकिन केवल डेढ़ किलोमीटर तक ही सड़क बनाई गई। साथ ही तय मानकों के अनुसार 8 इंच ग्रेवल डालने के बजाय मात्र 4 इंच ग्रेवल डालने का आरोप लगाया गया है, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। किसानों ने बताया कि इस मार्ग के आगे कई ढाणियां स्थित हैं, जहां तक पहुंचने में ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। किसानों ने मांग की कि पूरे 3 किलोमीटर तक ग्रेवल सड़क का निर्माण करवाया जाए ताकि आमजन और किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन में नगरपालिका पर सड़क निर्माण से संबंधित स्टीमेट की फोटो कॉपी उपलब्ध नहीं कराने का आरोप भी लगाया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिनों के भीतर स्टीमेट की प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं करवाई गई तो नगरपालिका कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि एसडीएम रतनगढ़, जिला कलेक्टर चूरू एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को भी प्रेषित की गई है। इस दौरान हरिराम भामू, भवानी नाई, भगवानाराम, मदनलाल, शंकर मेघवाल, सीताराम खीचड़, किशन जाट, हड़मानाराम, धनराज नाई, बीरबल सुथार, राजू भार्गव, मेघाराम जाट, लूणाराम भामू, राम कड़वासरा, लालचन्द भामू, इंद्रचंद, पूनमचंद पाण्डे, नथुराम, प्रदीप, रामेश्वर मेघवाल, सोहनलाल, हड़मानाराम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्राम रथ यात्रा : पूर्व विधायक विश्नोई ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अणखीसर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को ग्राम रथ यात्रा का ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। यह यात्रा राजस्थान और भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से निकाली जा रही है। पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सड़क, बिजली, पानी के मुद्दे उठाए

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। विश्नोई ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क, पानी, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे उठाए। सरपंच रामादेवी कुलड़िया ने गांव के विकास से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कई कार्य लंबे समय से रुके हुए हैं, जिन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाना चाहिए। पूर्व सरपंच धूड़ाराम कुलड़िया ने बंगाल चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल विश्नोई का अभिनंदन किया।

### कृषि समिट के बारे में भी दी जानकारी

पूर्व विधायक बिहारीलाल विश्नोई ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में डामर सड़कों के नवीनीकरण और नई सड़कों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगामी दिनों में जयपुर में आयोजित होने वाली कृषि समिट के बारे में भी जानकारी दी और किसानों से इसमें भाग लेने की अपील की। ग्राम रथ यात्रा के प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी शिवनारायण विश्नोई ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य आमजन तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है, ताकि पात्र लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। उनके साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में हनुमानसिंह भाटी, हजारीराम कसवां, मेघाराम सोनार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान

### 34466 प्रवासियों ने रेलमंत्री को लिखे पोस्टकार्ड

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा संचालित झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन् जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत रेलमंत्री को लिखो पोस्टकार्ड कार्यक्रम में गुजरात राज्य के सूरत, नवसारी, वलसाड एवं वापी आदि शहरों में बसे हुए झुंझुनू जिले के 34466 प्रवासियों ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पोस्टकार्ड भेजकर झुंझुनूं के रेलवे स्टेशन को रेलवे जंक्शन बनाने की मांग की। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि 4, 5 एवं 6 मई को चले तीन दिवसीय कार्यक्रम में सूरत से 18755, नवसारी से 4077, वलसाड से 6289 एवं वापी से 5345 प्रवासियों ने रेलमंत्री को पोस्टकार्ड लिखे। समिति को फैडरेशन ऑफ सूरत ट्रेड एण्ड टैक्सटाइल एसोसियेशंस



(फोस्टा) एवं श्री श्याम मन्दिर सूरत धाम के अध्यक्ष कैलाश हाकिम का समर्थन मिला। हाकिम ने सरकार से इस मांग को पूरा करने की अपील की। उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रदीप जालान, भवानी शंकर जालान, लक्ष्मीकांत टीबड़ेवाल, प्रमोद कुमार मोदी, अमन प्रमोद मोदी, झुंझुनूं प्रगति संघ सूरत इकाई के पूर्व अध्यक्ष कैलाश चन्द्र पंसारी, चंडीप्रसाद पंसारी एवं विश्वनाथ पचेरिया ने लिखो रेलमंत्री को पोस्टकार्ड कार्यक्रम में उत्साह से साथ दिया। अग्रवाल ने बताया कि वापी में सुरेन्द्र सैनी, नरेश कुमावत, प्रहलाद धाबाई, मुकेश जांगिड़, राजेश सर्राफ, मंजू चाहर, अर्पणा पारीक, विमला जोशी, कल्पना सेन एवं राखी गुप्ता।

वलसाड में संगीता टेलर, मोहम्मद आरिफ खान, मुस्तफा पीरजी, राधेश्याम खटीक, मोहन सिंह शेखावत, गीता प्रजापत, नेहा शर्मा, अंजू पायल व कविता तुलस्यान। नवसारी में प्रताप सिंह चौधरी, हरदेव छापौला, मोहम्मद अली काजी, राजू सिंह मीणा, शेर सिंह पूनिया, अनिता शर्मा, मोहिनी देवी केडिया, रंजना नवलगढ़िया का पोस्टकार्ड अभियान में सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान फ्री करवाएगा नीट की तैयारी

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के प्रोग्राम मंथन सम्पूर्ण विकास केंद्र व प्रत्यक्ष कोचिंग इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क नीट तैयारी अभियान शुरू किया है। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा की बेहतर तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है। संस्थान द्वारा चयनित विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में नीट परीक्षा से संबंधित विषयों की कोचिंग, अध्ययन सामग्री तथा नियमित टेस्ट सुविधा 1 जून से उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल सत्र भी दिए जाएंगे ताकि वे प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल समाज सेवा के उद्देश्य से शुरू की जा रही है, जिससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से समझौता न करना पड़े। जल्द ही पंजीकरण प्रक्रिया एवं कक्षाओं के समय की जानकारी जारी की जाएगी।

## कपड़ा फैक्ट्री से करोड़ों का आईपीएल सट्टा पकड़ा

### फैक्ट्री मालिक समेत छह सटोरिए गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम और मालपुरा गेट थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कपड़ा फैक्ट्री में संचालित अवैध सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक समेत छह सटोरियों को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपए के हिसाब-किताब से जुड़े रजिस्टर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वाहन जब्त किए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओमप्रकाश के निर्देशन में सीएसटी ने यह कार्रवाई की। जहां मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मालपुरा गेट इलाके में माल की ढाणी सांगानेर स्थित नानग विहार कॉलोनी के प्लॉट नंबर-3 में संचालित चिरायु गर्वित कम्पनी नामक कपड़ा फैक्ट्री पर दबिश दी। पुलिस ने फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में दबिश देकर आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते उत्तम सैनी निवासी झालाना ग्राम, रूपल बंसल निवासी मुहाना मंडी रोड, राजेंद्र कुमार निवासी पुरानी टोंक, देवेंद्र कुमार जंगलानी निवासी मालवीय नगर, विकास नागर निवासी नाहरी का नाका और मनोहर स्वामी निवासी बाबाजी की ढाणी, सांगानेर को गिरफ्तार किया।। उस समय लखनऊ और बेंगलुरु के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर दांव लगाए जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित मालवीय नगर के बड़े बुकी अशोक गुप्ता और बाबू उर्फ नोनी से सट्टे की लाइन लेकर जूम ऐप के जरिए ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। आरोपी लंबे समय से कपड़ा फैक्ट्री की आड़ में यह अवैध कारोबार चला रहे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि बुकी उत्तम सैनी और फैक्ट्री मालिक मनोहर इस कारोबार में बराबर के पार्टनर थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 21 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, 1 डोंगल, चार्जर केबल, कैलकुलेटर, सट्टे के हिसाब-किताब से जुड़े 6 रजिस्टर तथा 1540 रुपए नकद बरामद किए। इसके अलावा एक लग्जरी स्कॉर्पियो, होंडा डियो स्कूटी, एक्टिवा स्कूटी और पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सीएसटी के एसआई संदीप बसेरा, एएसआई कमल डागर और कांस्टेबल कुमेर गुर्जर की कार्रवाई में विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर इस गिरोह के अन्य सदस्यों और पूरे सट्टा नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में चल रहा धरना जारी

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और आम रास्तों को अवरुद्ध करने के विरोध में चल रहा जनांदोलन अब तेज होने लगा है। पिछले कई दिनों से एसडीएम कोर्ट के बाहर जारी धरने पर बैठे लोगों ने 51 दिन पूरे होने पर विरोध जताया। इस। दौरान ग्रामीणों ने 11 भी को मुख्य बाजार में आमसभा का आयोजन करने का निर्णय लिया है। खेतड़ी जनसेवा समिति के गोकुलचंद सैनी ने बताया कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है। रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया था, जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दिवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने भोपालगढ़ मार्ग पर लगे अवैध गेट को तुरंत हटाया जाने, व्यापारियों और ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाने, सार्वजनिक संपत्तियों और प्राचीन मंदिरों पर ट्रस्ट के हस्तक्षेप को रोका जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द मामले में गंभीरता नहीं दिखाई तो ग्रामीणों की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर गोकुल चंद सैनी, गजेन्द्र पारीक, राजेश सांखला, अरुण पारीक, लखन सिंह, लक्ष्मण सिंह सोढ़ा, लक्ष्मण कुमावत, मादूराम सैनी, सुरेश पांडेय, महेन्द्र कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एक माह से ग्रामीण पेयजल की समस्या से परेशान

### नगरपालिका में शामिल करने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी की ढाणी गुंदेड में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने समस्या से परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नगर पालिका खेतड़ी का आबादी विस्तार करते हुए राज्य सरकार ने नगर पालिका खेतड़ी में शामिल किया था। तब ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए कहा था कि अब नगर पालिका में शामिल होने पर उनको ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। परंतु ढाणी वासियों के साथ उल्टा हुआ, गत एक माह से ढाणी में बनी पेयजल टंकी में पानी की एक बूंद भी नहीं आई है। ग्रामीणों ने टंकी के पास एकत्रित होकर खाली मटके व बाल्टियां रख कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब वह नानूवाली बावड़ी ग्राम पंचायत में शामिल थे, तब टंकी में पर्याप्त मात्रा में कुंभाराम जल योजना का पानी डाला जाता था लेकिन जब से उनको नगरपालिका में शामिल किया गया है तब से कभी-कभी ही टंकी में पानी डाला जाता है। अब तो गत एक माह से एक बूंद भी पानी नहीं डाला गया है । पहले जब पेयजल किल्लत होती थी तो नानूवाली बावड़ी सरपंच के पास जाते थे तो वह पेयजल व्यवस्था कर देते थे। अब अधिकारियों के पास चक्कर लगाने पर एक दूसरे पर डाल देते हैं। ढाणी में कुओं में फ्लोराइड युक्त पानी है। जिससे न तो कपड़े धुलते हैं तथा ना ही पशु पीते हैं। ढाणी वालों को पीने का पानी व पशुओं के लिए पानी टैंकरों से खरीद कर पीना पड़ रहा है। यदि उनकी पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसके लिए आंदोलन करेंगे। इस मौके पर श्योदान सैनी, सरदारा राम सैनी, महेंद्र सैनी, शोभाराम सैनी, दीपक, लोकेश, विकास, पायल सैनी, लाडो देवी, गीता देवी, बाली देवी, प्रेम देवी, बनारसी देवी, मंजू देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, ममता सैनी, सुमन सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के मेहाड़ा जाटूवास की गोगाजी केशव गौशाला में पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई।

प्रभारी डॉ विकास काला एसवीओ राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गोवंश को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं बांझपन संबंधी समस्याओं का समाधान करना रहा।

शिविर में 22 पशुओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।

साथ ही मादा पशुओं में बांझपन की जांच एवं उपचार किया गया तथा खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीकाकरण भी किया गया।

शिविर के दौरान पशुपालकों एवं गोशाला संचालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं रोग नियंत्रण संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभाग की इस पहल की सराहना की। शिविर में डॉ दीपक पालीवाल, देवेन्द्र रावत पशु निरीक्षक, आशीष शर्मा पशु निरीक्षक, सुनील, विजय कुमार, गौशाला अध्यक्ष दिलीप जांगिड़, विजेंद्र कोषाध्यक्ष, जगदीश, रणवीर, महेंद्र एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# 1.06 करोड़ के 590 गुमशुदा मोबाइल बरामद



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन मिलने की आस छोड़ चुके सैकड़ों लोगों के लिए जयपुर उत्तर जिला पुलिस की कार्रवाई बड़ी सौगात लेकर आई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत जयपुर उत्तर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुल 590 गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन आधुनिक एंड्रॉइड और आईफोन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 6 लाख रुपए आंकी गई है, जिन्हें शुक्रवार को पुलिस द्वारा उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया गया।

### 4.88 करोड़ कराए होल्ड

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि विशेष साइबर अनुसंधान इकाई जयपुर उत्तर द्वारा साइबर फ्रॉड के मामलों में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेते हुए पुलिस ने वर्ष 2025 और 2026 में अब तक 4.88 करोड़ रुपए की ठगी गई राशि को अलग-अलग बैंक खातों में होल्ड करवाया है। इनमें से लगभग 1.70 करोड़ रुपए की राशि सुरक्षित रूप से पीड़ितों के बैंक खातों में रिफंड भी करवाई जा चुकी है, जबकि शेष राशि को वापस दिलाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

### फर्जी खातों से ठगी करने वाले 4 आरोपी दबोचे

पुलिस मुख्यालय द्वारा फर्जी बैंक खातों म्यूल अकाउंट्स और फर्जी सिम कार्डों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान म्यूल हंटर के तहत जयपुर उत्तर जिले में बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत पुलिस थाना विद्याधर नगर, जालूपुरा और माणक चौक में 1-1 प्रकरण दर्ज कर कुल 4 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 22 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए 6 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक इंसदादी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### चलाया विशेष जागरूकता अभियान

साइबर यूनिट जयपुर उत्तर और थाना पुलिस की टीमों द्वारा आमजन और युवाओं को ठगी से बचाने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में छात्रों को राजकोप सिटीजन ऐपए सीईआईआर पोर्टल, चक्षु पोर्टल और 1930 नेशनल साइबर हेल्पलाइन के बेहतर उपयोग और साइबर सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक किया गया है।

### इनकी रही विशेष भूमिका

इस संपूर्ण अभियान के सफल संचालन में विशेष साइबर अपराध अनुसंधान इकाई जयपुर उत्तर की सराहनीय भूमिका रही। जयपुर उत्तर के सभी थानों ने मिलकर मोबाइल रिकवरी की इस कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसमें विशेष रूप से पुलिस थाना विद्याधर नगर के कांस्टेबल प्रदीप कुमार और मनजीत चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

# एसी सर्विसिंग के दौरान ब्लास्ट में दो युवक गंभीर घायल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महेश नगर थाना इलाके के स्वेज फार्म स्थित एडवोकेट के घर पर शुक्रवार शाम एसी सर्विसिंग के दौरान हुए तेज धमाके में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि एसी के परखचे दूर-दूर तक बिखर गए और छत पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की है। महेश नगर इलाके में एक मकान की छत पर दो युवक एसी की सर्विसिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एसी में तेज ब्लास्ट हो गया। धमाके की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में लाल बाबू 40 के चेहरे पर गंभीर चोट आईए जबकि रामेश्वर चौधरी 35 के पैर में गंभीर घाव हुए हैं। धमाका इतना तेज था कि छत पर खून बिखर गया और एसी के टुकड़े दूर तक जा गिरे। सूचना मिलने पर महेश नगर थाना प्रभारी सुरेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल दुर्लभजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। थाना प्रभारी सुरेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक गोपाल गुप्ता एडवोकेट के घर पर एसी की सर्विसिंग कर रहे थे। इसी दौरान तकनीकी कारणों से एसी में ब्लास्ट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने भी धमाके की तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया।

# एसआई भर्ती-2021 : चयनित अभ्यर्थियों ने न्याय की मांग को लेकर किया शहीद स्मारक पर सत्याग्रह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान एसआई भर्ती-2021 को लेकर विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। भर्ती निरस्त होने और दोबारा परीक्षा कराने के फैसले के विरोध में शुक्रवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर चयनित प्रशिक्षु उप निरीक्षकों और उनके परिजनों ने सत्याग्रह व धरना प्रदर्शन किय। प्रदर्शन में 750 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और सरकार से निर्दोष अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस धरने के दौरान धरियावद से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक थावरचंद डामोर भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान चयनित महिला एसआई संतोष कुमारी खराड़ी ने अपनी वर्दी विधायक को सौंपते हुए कहा कि सरकार इस वर्दी की लाज रखे और ईमानदारी से चयनित अभ्यर्थियों का भविष्य सुरक्षित करे।




### यह है पूरा मामला

वर्ष 2021 में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा में पेपर लीक और डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने के मामलों का एसओजी ने खुलासा किया था। इसके बाद कई चयनित एसआई सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने भर्ती को निरस्त कर दिया, जिसे बाद में डबल बेंच ने भी बरकरार रखा। इसके खिलाफसुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को यथावत रखा। अब राजस्थान लोक सेवा आयोग ने भर्ती परीक्षा दोबारा कराने का निर्णय लिया है जिसका चयनित अभ्यर्थी विरोध कर रहे हैं।

### क्या सरकार पांच साल लौटाएगी ?

चयनित महिला एसआई संतोष कुमारी खराड़ी ने कहा कि सरकार जल्द सुप्रीम कोर्ट में जाए और मेहनत से चयनित युवाओं को न्याय दिलाए।

उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा देना समाधान नहीं है। अभ्यर्थी पहले भर्ती परीक्षा पास कर चुके हैं और बाद में एसओजी की जांच प्रक्रिया से भी गुजर चुके हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार दोबारा परीक्षा कराकर युवाओं के खराब हुए पांच साल लौटा पाएगी ?

### दोषियों को सजा मिले, निर्दोषों को नहीं

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में यदि पेपर लीक या डमी अभ्यर्थियों के जरिए गड़बड़ी हुई है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए लेकिन मेहनत से चयनित अभ्यर्थियों को सजा देना गलत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जांच में दोषी और निर्दोष अभ्यर्थियों को अलग-अलग किया जाए।

### यह सिर्फ नौकरी नहीं, भविष्य की लड़ाई

धरने में शामिल अभ्यर्थियों ने कहा कि यह आंदोलन केवल नौकरी बचाने का नहीं, बल्कि मेहनत, न्याय और राजस्थान के युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। एसआई भर्ती-2021 विवाद अब कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। चयनित अभ्यर्थी सरकार से न्याय और राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### सेना से सेवा छोड़कर आए

धरने में शामिल चयनित एसआई भगीरथ सिंह ने कहा कि वे पहले सेना और एनएसजी में सेवाएं दे चुके हैं। इसके बाद पटवारी और वीडीओ पद पर चयनित हुए तथा डेढ़ साल तक पटवारी के रूप में कार्य किया।

बाद में एसआई पद ज्वाइन किया। उन्होंने कहा कि दोषियों को सजा मिलनी चाहिए लेकिन निर्दोषों को नहीं। उन्होंने बताया कि करीब 368 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने दूसरी सरकारी नौकरियां छोड़कर एसआई पद ज्वाइन किया था।

सरकार को उनके हित में सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

### नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट को तैयार

धरना दे रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि वे सामूहिक रूप से नार्को एनालिसिस और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि इन जांचों के आधार पर दोषियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए और निर्दोषों को सेवा में बनाए रखा जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि दोषी पाए गए अभ्यर्थियों को हटाकर उनके स्थान पर वेटिंग लिस्ट जारी की जाए।

# संभागीय आयुक्त ने किया अस्पताल का निरीक्षण

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** संभागीय आयुक्त वी. श्रवण कुमार ने शुक्रवार को उप जिला चिकित्सालय, रींगस का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, हीटवेव वार्ड, मेल-फीमेल वार्ड, ओपीडी चैंबर्स, दवा उपलब्धता एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। इस दौरान पीएमओ एवं एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र सिंह निठारवाल ने अस्पताल में बढ़ते मरीज भार, हीटवेव प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं की जानकारी दी। संभागीय आयुक्त ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों एवं स्टाफ के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल हित में जो भी आवश्यक मांगें एवं संसाधन जरूरतें होगी, उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने मौजूद पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से भी अस्पताल व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस पर पत्रकारों ने बताया कि नए पीएमओ डॉ जितेंद्र सिंह निठारवाल के नेतृत्व में अस्पताल में व्यवस्थाओं में अच्छा सुधार देखने को मिला है तथा मरीजों को पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार, तहसीलदार महेश ओला सहित चिकित्सा एवं नर्सिंग स्टाफमौजूद रहा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि आमजन को बेहतर, सरल एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



# पीने के पानी के लिए जनता मोहताज



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नंबर 33 ढोली बस्ती में 1 वर्ष से पीने का पानी नहीं आने के कारण वार्ड के लोगों ने जलदाय विभाग के खिलाफ किया। प्रदर्शन वार्ड के प्रमुख राजू, खींवकरण, अनीता, रेखा, रक्षा, विमला, रुक्मणी, सुलोचना आदि महिलाओं ने बताया 1 वर्ष से पीने का पानी नहीं आने के कारण हमें मजबूरन महिलाओं ने बताया अगर तीन दिन के अंदर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो जलदाय विभाग के आगे मटका फोड़कर प्रदर्शन किया जाएगा। वार्ड के प्रमुख लोगों ने बताया इस बार जो भी चुनाव के अंदर वोट लेने के लिए आएगा किसी दल को वोट नहीं दिया जाएगा। वार्ड की प्रमुख विमला देवी ने बताया लंबे समय से हमारे मोहल्ले के अंदर पीने के पानी के लिए हमें मोहताज होना पड़ रहा है लेकिन जलदाय विभाग एवं राजनेताओं को बार-बार अवगत कराने के बावजूद किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विमला देवी ने बताया चुनाव के समय में नेता लोग बड़े-बड़े वादे करते हैं लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद जनता का ध्यान जन समस्याओं की ओर नहीं देते। वहीं वार्ड के प्रमुख राजू ढोली ने बताया पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के द्वारा हमारे मोहल्ले के अंदर सार्वजनिक जगह पर एक ट्यूबवेल का निर्माण करवाया था लेकिन विभाग द्वारा किसी तरह की कोई सार संभाल नहीं होने के कारण आज नकारा साबित हो रहा है राजू ने बताया विभाग को बार-बार अवगत कराने के बावजूद किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसी प्रकार राजलदेसर कस्बे के अनेक वार्ड में भी पीने का पानी का संकट गहराया हुआ है वहीं उपस्थित महिलाओं ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़ : 48 आरोपियों को पकड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिण जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों और मोबाइल चोर गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत 48 साइबर अपराधियों और संदिग्धों को दबोचा है। पुलिस ने इस कार्रवाई में करीब 2 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थानों में 15 प्रकरण दर्ज कर 17 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 31 संदिग्धों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत पकड़ा गया।

### किराए के बैंक खातों से हो रही थी ठगी

जांच में सामने आया कि आरोपी लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते किराए पर लेते थे और उन्हीं खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर करवाई जाती थी। श्यामनगर थाना के प्रकरण संख्या 174/26 में एनसीआरपी पोर्टल पर देशभर से 53 शिकायतें लिंक मिलीं। मामले में मानसरोवर निवासी अजय कुमार विजय 33 को गिरफ्तार किया गया। वहीं, सोडाला थाना के प्रकरण संख्या 180/26 में 41 शिकायतें सामने आने पर सांगानेर निवासी ललित कुमार सैनी 23 को गिरफ्तार किया गया।



### आपका मोबाइल फिर से आपका अभियान में बड़ी सफलता

जयपुर दक्षिण साइबर सेल ने गुम और चोरी हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाते हुए सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी विश्लेषण की मदद से राजस्थान के विभिन्न जिलों से 430 मोबाइल बरामद किए। बरामद मोबाइलों की बाजार कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह बेनकाब

इस अभियान के दौरान महेश नगर थाना क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडियों और भीड़ भाड़ वाले बाजारों में बच्चों से मोबाइल चोरी करवाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 7 मोबाइल बरामद किए और ज्योति नगर थाना क्षेत्र में आईपीएल मैचों के दौरान स्टेडियम के बाहर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के आरोपी दिलवर कुमार मंडल निवासी साहिबगंज झारखंड को गिरफ्तार कर 5 मोबाइल बरामद किए गए।

### इन अधिकारियों की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा के सुपरविजन तथा एसीपी मानसरोवर आदित्य कांकड़े, एसीपी सोडाला सुनील शर्मा, एसीपी अशोक नगर बालाराम चौधरी और एसीपी चाकसू भवानी सिंह के निर्देशन में अंजाम दिया गया। विशेष टीम में हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार, राम सिंह, महिला कांस्टेबल कुसुम, कांस्टेबल विमलेश, अजयपाल, प्रहलाद, मुकेश, दिनेश, जितेंद्र, सवाई सिंह, रामलाल, हनुमान, अशोक और सूचना सहायक आशीष शर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

### 3000 लोगों को किया जागरूक

पुलिस ने 10 स्कूल-कॉलेजों में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर 3000 से अधिक लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी।

### पुलिस की आमजन से अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या एनसीआरपी पोर्टल का उपयोग करें। साथ ही किसी लालच में आकर अपना बैंक खाता, एटीएम या नेट बैंकिंग जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को न दें।

### साइबर ठगी की राशि होल्ड, पीड़ितों को राहत

साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर धोखाधड़ी के मामलों में कुल 2 करोड़ 73 लाख 30 हजार 340 रुपए की राशि बैंक खातों में होल्ड करवाई। इनमें से 20 लाख 8 हजार 742 रुपए पीड़ितों को रिफंड भी कराए गए।

# युवती को टक्कर मारने वाला टैक्सी का चालक गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस थाना माणक चौक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हवामहल के सामने एक युवती को लापरवाही से टक्कर मार कर घायल करने वाले टैक्सी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हादसे में प्रयुक्त टैक्सी कार को भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि एक युवक ने थाने पर एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 5 मई की रात जब वह अपने मित्रों के साथ हवा महल घूमने आया था, तब वापस लौटते समय एक टैक्सी कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और प्रार्थी की महिला मित्र को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी चालक घायल की मदद करने या पुलिस को सूचना देने के बजाय मौके से फरार हो गया। जांच में सामने आया कि हादसे के दिन टैक्सी चालक हवा महल के सामने से गुजर रहा था। वह हवा महल के सामने फोटो लेने के लिए कुछ दूरी पर गाड़ी रोककर टैक्सी को बैक साइड पीछे में चला कर ला रहा था। इसी दौरान उसने लापरवाही बरतते हुए पीछे आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम नीरज पाठक और सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक के निर्देशन में माणक चौक थाना अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष निगरानी दल का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और आसूचना संकलित की। इस विश्लेषण से दुर्घटना में शामिल टैक्सी कार का नंबर सामने आया। पुलिस ने कार की तकनीकी ट्रैकिंग शुरू की। जिससे पता चला कि आरोपी कार लेकर सुभाष चौक, ब्रह्मपुरी और कोतवाली इलाका होते हुए सांगानेर की तरफ भाग रहा है।

इस पर मुहाना थाना इलाके में नाकाबंदी कर पुलिस टीम ने आरोपी को कार सहित दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितिक शाक्य 21 पुत्र राजेश कुमारए निवासी गांव जेतरा गाडिया माखन एटा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो वर्तमान में जयपुर में किराए पर रहता है। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर वीर योद्धाओं को किया नमन

निसं




**पिलानी ( नवयत्न )।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्ष गांठ बिरला शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में गौरवपूर्ण तरीके से गुरुवार को बिरला स्कूल पिलानी आवासीय परिसर स्थित अराधना सभागार में बिरला शिक्षण संस्थान पिलानी के निदेशक मेजर जनरल एस एस नायर के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर व शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया तथा पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, समाज के नागरिकों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े भारतीय सेना के गौरव को याद किया। कार्यक्रम में जनरल एसएस नायर निदेशक बिरला शिक्षण संस्थान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को सेना के बलीदानो से परिचित करना है। मेजर जनरल नायर ने ऑपरेशन सिंदूर के सामरिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त कर अभियान में शामिल जांबाज सैनिकों की वीरता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य अभियान नहीं बल्कि सेना के संकल्प का प्रमाण है। सैनिकों ने अपनी जान कि परवाह किए बिना सीमाओं कि एवं देश वासियों कि रक्षा करते हैं। पिलानी जैसे शैक्षणिक संस्थान में इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को सेना में शामिल हो कर देश सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की चुनौतियां और सफलता की कहानी पर आधारित एक लघु फिल्म भी इस मौके पर दिखाई गई। जिसे देखकर उपस्थित लोग भावुक हुए। इस मौके पर कर्नल सौम्य चक्रवृति, कर्नल शोकत अली, जगदीश प्रसाद सोनी, कर्नल अवतार सिंह आदि ने सम्बोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों द्वारा निभाई गई गौरवशाली भूमिका पर चर्चा करते हुए उत्साह का संचार किया।

इससे पूर्व एनएन मिश्रा एवं विद्यार्थियों ने कविता पाठ कर माहौल में जोश भरा। कार्यक्रम में बीईटी उपनिदेशक अजय अग्रवाल, समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद डाडा, बिट्स पिलानी निदेशक सुधीर कुमार बराई, बीईटी के विधी अधिकारी कपिल शर्मा, बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी प्राचार्या अचला वर्मा, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी प्राचार्या काजल मारवाह, बिरला शिशु विहार पिलानी प्राचार्य पंवन विशिष्ट, जमुना मिश्रा एकेडमी विद्यालय कि चेयरमैन डा सुमन मिश्रा, पीपीएस विद्यालय के जगदीश प्रसाद शर्मा, मूर्तिकार मातूराम वर्मा, शोभा वर्मा, डॉ राहुल वर्मा, बिरला स्कूल पिलानी बर्सर अनिल अवस्थी, डॉ मनोज जांगीड़, चन्द्र शेखर राठौड़, डॉ हरि सिंह सांखला, डॉ अमरदीप शर्मा, कर्नल सुरेश, कैप्टन तारा चंद, कैप्टन अमर चंद, सुबेदार राम निवास ताकने, हवलदार अरविंद डांगी, हवलदार राजपाल फोगाट, जयसिंह, सुबेदार वीरेंद्र, उम्मेद खां गिडानिया सहित बड़ी संख्या में कस्बे के नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन में पूर्व सैनिकों ने पाक से साथ समय-समय पर हुई लड़ाईयों के अपने अनुभव साझा करते हुए भारतीय सेना की वीर गाथ से जुड़ी जानकारी दी। धीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

## सम्पादकीय

# हिंसा अस्वीकार्य

छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बावजूद पश्चिम बंगाल में कमोबेश शांतिपूर्ण मतदान हुआ था। लेकिन चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हो रही हिंसा की घटनाएं परेशान करने वाली हैं। भाजपा व टीएमसी के कुछ समर्थकों में हिंसक झड़पों के अलावा राज्य में पार्टी के अगु?वा रहे सुवेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या चौंकाने वाली है। इससे दोनों दलों के बीच तनाव बढ़ा है। राज्य में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार सुवेंदु अधिकारी का दावा है कि रथ की हत्या उनके करीबी होने के कारण की गई है। वहीं चंद्रनाथ के परिजनों का आरोप है कि यह हत्या ममता बनर्जी की भवानीपुर में अधिकारी से हुई हार का बदला लेने के लिये की गई है। उल्लेखनीय है कि इस दौरान कुछ भाजपा व टीएमसी कार्यकर्ताओं की भी हत्या की गई है। दरअसल, पंद्रह साल से सत्ता में काबिज रही टीएमसी पर भाजपा की बड़ी जीत ने दोनों पार्टियों के बीच तनाव को बढ़ाया है। यही वजह है कि भारतीय चुनाव आयोग पर हमलावर होते हुए ममता बनर्जी ने केवल चुनाव परिणामों को ही खारिज नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने तक से मना कर दिया। उनकी इस घोषणा ने लंबे समय से जारी टकराव को बढ़ाने का काम ही किया। इस घटनाक्रम से टीएमसी कार्यकर्ताओं को आक्रामक होने का मौका मिला। निश्चय ही यह स्थिति राज्य के हित में नहीं कही जा सकती। राज्य में कानून व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किए जाने की जरूरत है। कायदे में चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ममता को सदाशयता का परिचय देते हुए कार्यकर्ताओं से शांत रहने की अपील राज्य हित में करनी चाहिए। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा को भी अपने कार्यकर्ताओं को शांत रहने के लिये प्रेरित करना चाहिए। उन्हें चुनाव परिणाम सामने आने के बाद हिंसा से परहेज करना चाहिए। यही लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी है। यह विडंबना ही है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य के अधिकारियों को विजय जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश देने के बाद भी दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। ऐसी स्थिति में राज्य पुलिस को हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाते हुए, केंद्रीय बलों के साथ कानून व्यवस्था बहाल करने के लिये मिलकर काम करना चाहिए। यूं तो पूरे राज्य में ही, अन्यथा खासकर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ायी जानी चाहिए। हिंसक वारदातों व तोड़फोड़ में शामिल लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल से संबद्धता की परवाह किए बिना उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। भाजपा व टीएमसी को अपने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने को कहना चाहिए। वास्तव में अतीत में हिंसा का लंबा इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल को अब नये सिरे से शुरुआत करके विकास के पथ पर लौटना चाहिए।

यह निर्विवाद सत्य है कि किसी भी हिंसा की कीमत आखिर आम जनता को ही चुकानी पड़ती है। यदि पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो पाते हैं कि राज्य की राजनीति में अपराध जगत से जुड़े व दबंग किस्म के लोग दखल देते रहे हैं। कभी वे राजनीतिक दलों के लिए बूथ लूटने का काम किया करते थे। एक समय वामपंथी सरकार में दखल रखने वाले ये लोग कालांतर तृणमूल कांग्रेस के लिये काम करने लगे थे। दरअसल, ये लोग अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीतिक शरण लेकर अपने मंसूबों को पूरा करते रहे हैं। जाहिर है,अब राज्य में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है तो वे भाजपा की छतरी के नीचे आने की कोशिश कर रहे होंगे। कहीं न कहीं हालिया हिंसा में उनकी भी भूमिका हो सकती है।

## विशेष आलेख

# इंडी में बिखराव का खतरा : विपक्ष के लिए आत्ममंथन का समय



भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी-अपनी अनिवार्य भूमिकाएं हैं। जहां सत्ता नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, वहीं विपक्ष उन नीतियों की समीक्षा, संतुलन और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं ही असंगठित, दिशाहीन और अंतर्विरोधों से ग्रस्त हो जाए, तब लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। हाल के पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि विपक्षी एकता का दावा करने वाला गठबंधन अपने भीतर ही गंभीर संकट से गुजर रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय और तमिलनाडु में द्रमुक की स्थिति ने विपक्षी खेमे को झकझोरने का काम किया है। यह केवल चुनावी हार नहीं है, बल्कि रणनीतिक विफलता का भी संकेत है और यह प्रश्न भी खड़ा करता है कि क्या विपक्ष केवल भाजपा-विरोध के आधार पर टिक सकता है या उसे एक ठोस वैचारिक और नीतिगत आधार की भी आवश्यकता है। भारतीय लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सत्तापक्ष की नीतियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि एक सजग, विवेकशील और रचनात्मक विपक्ष पर भी उतनी ही आधारित होती है। विपक्ष का मूल दायित्व केवल आलोचना करना नहीं, बल्कि एक वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना, नीतियों की खामियों को तथ्यों के आधार पर उजागर करना और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संसद एवं समाज के समक्ष रखना है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संतुलन का संरक्षक होता है। उसे विकास कार्यों में सहयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बना रहे। दुर्भाग्यवश, पिछले दो दशकों में विपक्ष का एक बड़ा वर्ग इस रचनात्मक भूमिका से भटकता दिखाई दिया है, जहां नीतिगत बहसों की जगह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक शोर-शराबा अधिक प्रमुख हो गया है।

इंडिया गठबंधन का गठन एक बड़े राजनीतिक उद्देश्य के साथ हुआ था-भाजपा के वर्चस्व को चुनौती देना। प्रारंभिक स्तर पर यह प्रयास कुछ हद तक सफल भी दिखाई दिया, जब इस गठबंधन ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट होता गया कि यह गठबंधन वैचारिक एकता से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। गठबंधन की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आंतरिक समन्वय है, जहां विभिन्न दलों के अपने-अपने क्षेत्रीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएं और अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे अक्सर एक-दूसरे से टकराते हैं। सीट बंटवारे से लेकर नेतृत्व के प्रश्न तक, हर स्तर पर मतभेद सामने आते रहे हैं, जिससे यह स्थिति बनती है कि केवल एक साझा विरोध के आधार पर गठबंधन को स्थायी नहीं बनाया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी जैसे प्रमुख चेहरों के बीच जिस तरह की बयानबाजी सामने आई है, वह गठबंधन की आंतरिक स्थिति को और अधिक उजागर करती है। सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की आलोचना करना न केवल राजनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है, बल्कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा करता है। राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन उन्हें व्यक्त करने का तरीका और मंच भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि जब गठबंधन के नेता ही एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने लगें, तो यह संदेश जाता है कि गठबंधन केवल नाम का है और वास्तविकता में वह बिखराव की ओर बढ़ रहा है।

महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष का रुख भी उसकी रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है। यह विधेयक भारतीय समाज की आधी आबादी से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय था, लेकिन इसका विरोध जिस रूप में सामने आया, उसने विपक्ष की स्थिति को कमजोर किया। विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका स्वरूप रचनात्मक होना चाहिए था। यदि विपक्ष इस विधेयक में सुधार के सुझाव देता, उसके क्रियान्वयन की समय-सीमा और प्रक्रिया पर सवाल उठाता, तो वह अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बन सकता था, लेकिन सीधे विरोध में खड़ा होना, वह भी बिना स्पष्ट जनसंदेश के यह दर्शाता है कि विपक्ष मुद्दों को समझने और उन्हें सही तरीके से प्रस्तुत करने में चूक कर रहा है। इसका प्रभाव विशेष रूप से महिला मतदाताओं पर पड़ा, जिन्होंने इसे अपने अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा और इसी का राजनीतिक लाभ भाजपा ने अपनी रणनीति के माध्यम से उठाया। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसकी आत्मसमीक्षा और सुधार की क्षमता रही है। हार के बाद भी वह अपने संगठन, नेतृत्व और रणनीति में बदलाव करती है, जिससे वह और अधिक मजबूत होकर सामने आती है। इसके विपरीत, विपक्ष अक्सर अपनी हार के कारणों को बाहरी परिस्थितियों में खोजता है, जिससे वह अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन्हें दूर करने में असफल रहता है। राजनीति में परिपक्वता का अर्थ है हार को स्वीकार करना, उससे सीखना और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनाना, लेकिन इस दिशा में विपक्ष को अभी लंबा रास्ता तय करना है।

विपक्षी गठबंधन के भीतर सबसे बड़ा संकट हितों का टकराव है, जहां हर दल अपने क्षेत्रीय आधार को मजबूत करने की कोशिश करता है और इसी प्रक्रिया में वह अपने सहयोगी दलों से भी प्रतिस्पर्धा करने लगता है। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां सहयोग और प्रतिस्पर्धा एक साथ चलते हैं और अंततः यही स्थिति बिखराव को जन्म देती है। जब तक गठबंधन के भीतर स्पष्ट भूमिका निर्धारण, न्यूनतम साझा कार्यक्रम और नेतृत्व की स्वीकृति नहीं होगी, तब तक यह टकराव समाप्त नहीं होगा। विपक्षी दलों की यह नाकामी केवल रणनीतिक कमजोरी नहीं, बल्कि उनके नेतृत्व की मंशा और प्राथमिकताओं पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। जब विपक्ष जनहित के मुद्दों को छोड़कर सत्ता प्राप्ति के लिए अवसरवादी गठजोड़, भ्रामक प्रचार और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेता है, तब वह अपनी नैतिक विश्वसनीयता खो देता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व जनभावनाओं का सच्चा प्रतिनिधित्व करना और सरकार को सही दिशा में प्रेरित करना है, न कि केवल विरोध के लिए विरोध करना। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपने आचरण और दृष्टिकोण में सुधार लाए, सिद्धांतों और मूल्यों पर आधारित राजनीति को पुनर्जीवित करे तथा जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करे। तभी भारतीय लोकतंत्र वास्तविक अर्थों में मजबूत और संतुलित बन सकेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष स्वयं को पुनर्गठित करे, अपनी वैचारिक स्पष्टता स्थापित करे और जनता के सामने एक सकारात्मक एवं ठोस विकल्प प्रस्तुत करे। केवल विरोध की राजनीति अब पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण और व्यवहारिक समाधान भी आवश्यक हैं। आंतरिक मतभेदों को सार्वजनिक करने के बजाय संवाद के माध्यम से सुलझाना होगा और जनता के बदलते मिजाज को समझते हुए अपनी रणनीति को नया स्वरूप देना होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

## हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन में यह लक्षण आते हैं नजर, न करें नजरअंदाज

सुबह से शाम तक व्यस्त रहने के कारण खुद के लिए समय निकालना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं लाइफ में चल रही कुछ चीजों से हम इतना परेशान हो जाते हैं, कि खुद को अकेला महसूस करने लगते है। समस्या पर बार-बार सोचने से मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ने लगता है, जो तनाव, चिंता या डिप्रेशन का कारण बनने लगता है। इसी तरह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी एक समस्या है हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन। यह समस्या डिप्रेशन जितनी गंभीर तो नहीं होती है, लेकिन इसके लक्षण काफी हद तक डिप्रेशन जैसे होते हैं, इसलिए इसे हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन का नाम दिया गया है।



### बहुत ज्यादा उदास रहना

अगर आप बिना कारण भी उदास महसूस करते हैं, तो यह हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन का लक्षण हो सकता है। ऐसे में बिना वजह उदासी और दुख का आभास होता है।

### किसी चीज में रुचि न लेना

हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन में व्यक्ति को किसी भी चीज में इंट्रस्ट नहीं रहता है। उसे कोई भी नई चीज सीखने और समझने में भी परेशानी होने लगती है।

### चीजों से भागने की कोशिश करना

इस समस्या में व्यक्ति परेशानी का सामना करने के बजाय उससे भागने की कोशिश करता है। उसके लिए किसी भी हार्ड कंडिशन का सामना करना मुश्किल हो जाता है।

### अपने इमोशंस छिपाना

अगर आप बाहरी रूप से अपने इमोशंस छिपाने की कोशिश करते हैं, तो यह भी हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन का कारण हो सकता है।

### फोकस करने में परेशानी होना

इस समस्या में आपको हर चीज में फोकस करने में परेशानी होगी। ऐसे में किसी भी चीज पर ध्यान लगा पाना काफी मुश्किल हो सकता है।

### खुद पर कॉन्फिडेंस नहीं होना

ऐसे में व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खोने लगता है। उसे खुद पर शक होने लगता है साथ ही फैसले लेने में भी परेशानी होती है।

### लोगों से दूरी बनाना

हाई फंक्शनिंग डिप्रेशन में व्यक्ति अकेले रहना ज्यादा पसंद करता है। उसके लिए लोगों के बीच रहना या उनसे कनेक्ट करना मुश्किल हो जाता है।

# ट्रिगर फिंगर के कारण उंगलियों में हो रहा है तेज दर्द, तो राहत पाने के लिए करें यह एक्सरसाइज

कई बार आपने महसूस किया होगा कि मोबाइल या कंप्यूटर में ज्यादा देर तक काम करने से हाथों की उंगलियों में दर्द होने लगता है। दरअसल, यह दर्द ट्रिगर फिंगर का संकेत हो सकता है। ट्रिगर फिंगर हाथों की एक समस्या है। इसे स्टेनोज़िंग टेनोसिनोवाइटिस भी कहा जाता है। इसमें हाथों की उलगियों के टेंडन में सूजन आ जाती है। टेंडन मांसपेशियों और हड्डियों के जोड़ों को जोड़े रखता है। लेकिन, टेंडन में समस्या होने लगती है, तो इससे उंगलियों का मूवमेंट कम हो जाता है। साथ ही, उंगलियों को इस्तेमाल करने में दर्द महसूस होने लगता है।

### उंगलियां झुकाना

उंगलियों को मोड़ने वाला व्यायाम करने के लिए आप उंगली के ऊपरी जोड़ के ठीक नीचे पकड़ें। इसके बाद आप अन्य उंगलियों को सीधा या स्थिर रहने दें और जिस उंगली को पकड़ा है उसे सिर को हल्के हाथों से मोड़े। इसे करते समय यदि उंगलियों में दर्द महसूस हो, तो इस एक्सरसाइज को तुरंत रोक दें।

### बॉल को दबाना

हाथों की एक्सरसाइज के लिए एक फॉम की बनी हुई बॉल आती है। इस बॉल को हथेली पर रखें और हाथों से बॉल को दबाएं और दोबारा खोलें। इस प्रक्रिया को दो से चार बार करें। अगर, हाथों में दर्द हो रहा हो तो बॉल को बंद करने के लिए आप दूसरे हाथ का सपोर्ट ले सकते हैं।

### उंगलियों और अंगूठे को छुएं

इसमें आपको उंगलियों के ऊपरी हिस्से को अंगूठे के ऊपरी हिस्से के साथ मिलाते हुए उंगलियों पर हल्का दबाव डालना होता है। यह किसी मुद्रा की तरह हो सकता है। इससे भी हाथों की उंगलियों के टेंडन में आराम आता है।



### हैंड टर्न

इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप हाथ की हथेलियों को नीचे की ओर करते हैं हाथ को किसी टेबल पर रखें। इसके बाद हथेलियों को ऊपरी की ओर ले जाएं। इस स्थिति में हाथ को कुछ सेंकेड के लिए होल्ड करें। फिर उसे दोबारा पहले की पोजीशन में लाएं। इससे हाथों के टेंडन पर खिंचाव पड़ता है और उनमें आराम आने लगता है।

### टिप एंड रिस्ट बैंड

इस एक्सरसाइज से हाथों की उंगलियों के लचीलेपन में सुधार होता है। इसे एक्सरसाइज को आप किसी भी समय कर सकते हैं। इसमें आपको उंगिलयों के ऊपरी भाग को हथेली पर छुकाने का प्रयास करना होता है। आप बारी-बारी हर उंगली के साथ ये अभ्यास कर सकते हैं। इससे आपको आराम मिलेगा।

# बादाम और अंजीर एक साथ खाने से मिलते हैं यह अनोखे फायदे

बादाम और अंजीर का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इन दोनों ड्राई फ्रूट्स में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें मौजूद गुण कई गंभीर बीमारियों में भी बहुत फायदेमंद होते हैं। बादाम में मौजूद विटामिन ई ओमेगा 3 फैटी एसिड और अन्य पोषक तत्व हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम करने के साथ शरीर को ताकत देने और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी बहुत फायदेमंद होता है। इसके अलावा अंजीर में विटामिन ए, विटामिन बी, प्रोटीन, फाइबर आदि भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शरीर की कमजोरी दूर करने से लेकर पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में अंजीर और बादाम का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से बादाम और अंजीर खाने से आपके शरीर का ब्लड शुगर कंट्रोल करने से लेकर कब्ज और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। अंजीर में मौजूद गुण शरीर में खून की कमी से लेकर अपच और खानपान से जुड़ी समस्या में भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अंजीर में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करते हैं।



**वजन कम करने में फायदेमंद :** वजन कम करने के लिए अंजीर और बादाम का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अंजीर और बादाम को भिगोकर सुबह के समय खाने से आपका पेट भरा रहता है और भूख नियंत्रित रहती है। वजन कम करने के लिए नियमित रूप से इसका एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**कब्ज की समस्या में उपयोगी :** असंतुलित खानपान और खाराब जीवनशैली के कारण कब्ज और अपच की समस्या लोगों में तेजी से बढ़ती है। कब्ज से छुटकारा पाने के लिए अंजीर और बादाम का एक साथ सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। अंजीर और बादाम में फाइबर की पर्याप्त मात्रा होती है जो कब्ज से निजात दिलाने में बहुत फायदेमंद मानी जाती है।

**शुगर में फायदेमंद :** शरीर में ब्लड शुगर की मात्रा को कंट्रोल करने के लिए रोजाना अंजीर और बादाम का एकसाथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अंजीर में पोटैशियम और क्लोरोजेनिक एसिड की पर्याप्त मात्रा होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपका ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है।

### कमजोरी में फायदेमंद

कमजोरी दूर करने के लिए अंजीर और बादाम एक साथ खाना बहुत फायदेमंद होता है। अंजीर और बादाम दोनों ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर में खून की कमी दूर करने से लेकर कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

### वृष

यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन

संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। सुख के साधन जुटेंगे।

### कर्क

सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। भूमि व भवन की योजना बनेगी।

### सिंह

विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

### कन्या

प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

### तुला

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उपलब्धि हासिल होने के योग हैं।

### वृश्चिक

लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

### धनु

तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

### मकर

कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

### कुंभ

अतिथियों का आवागमन होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

### मीन

अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संतान की प्रगति होगी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार 9 मई को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाती है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

# दो हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 से फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी बदमाश संदीप उर्फ सन्या को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि प्रतापनगर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 से फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी बदमाश संदीप उर्फ सन्या जनता कॉलोनी घाटगेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरी सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्रतापनगर थानाधिकारी पूरण मल यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप हरिजन उर्फ सन्या निवासी जनता कॉलोनी, घाटगेट थाना आदर्श नगर, प्रताप नगर थाने में वर्ष 2023 में दर्ज चोरी के मामले में वांछित था। प्रकरण संख्या 396/2023 में धारा 379 आईपीसी के तहत दर्ज मामले में लंबे समय से फरार चलने पर पुलिस मुख्यालय द्वारा उस पर 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से धारा 37 पुलिस एक्ट के तहत वारंट भी जारी किया गया था। इस कार्रवाई में प्रतापनगर थानाधिकारी पूरण मल यादव, उप निरीक्षक झंडू राम, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल दशरथ, कांस्टेबल शंकर और कांस्टेबल गणेश की विशेष भूमिका रही।

# जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय निवासी सोहिल गोपालपुरिया ने नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक को चूरू जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नगरपरिषद में पट्टों में तथाकथित फर्जीवाड़े के आरोप लगाते हुए ऐसे पट्टों का वितरण रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में सोहिल ने बताया है कि शहर में बने तथा बन रहे पट्टे गलत हैं, जिसकी जिला कलक्टर की मोनिटरिंग में जांच करवाई जावे। ज्ञापन में बताया गया है कि अधिकारी ममनर्जी से जनता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालांकि ज्ञापन में एक भी कथित फर्जी पट्टे का उल्लेख या नाम नहीं दिया गया हैए जिससे पता चल सके कि कौनसी फाईल फर्जी पट्टे की है, जिसके बारे में आरोप लगाया गया है।

# जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम 11 को

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सोमवार, 11 मई को सुबह साढ़े 10 बजे लावेश्वर मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्मावलंबियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं आमजन की सहभागिता रहेगी। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। साथ ही गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट, लाइटिंग एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

# अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर में हिस्सा लेंगे मील



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** 9 से 13 मई तक लखनऊ में द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन कलेक्टर का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में राजस्थान से कई पुलिसकर्मी हिस्सा लेंगे। सीकर के बलारां पुलिस थाने में पदस्थापित एएसआई शिवलाल मिल भी इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। सीकर जिले से इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले वह इकलौते पुलिसकर्मी है। शिवलाल मील हाल ही में हेड कांस्टेबल से एएसआई के पद पर प्रमोट हुए थे।

# विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जोशी का किया सम्मान

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन जिला इकाई झुंझुनू द्वारा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं इंदौर निवासी अशोक कुमार जोशी के झुंझुनूं आगमन पर जिला कलेक्टर अरुण गर्ग के आतिथ्य में स्वागत सम्मान किया गया। विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अध्यक्षता में जोशी का माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर तथा भगवान श्रीराम का चित्र प्रतीक चिह्न के रूप में भेंट कर सम्मान व अभिनंदन किया गया। विप्र फाउंडेशन के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि अशोक कुमार जोशी मार्च-अप्रैल माह में पुष्कर में आयोजित 43 दिवसीय सफल शत गायत्री पुरश्चरण आयोजन के मुख्य व्यवस्थापक रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अनेक प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता निभाई थी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अशोक कुमार जोशी ने कहा कि विप्र फाउंडेशन ब्राह्मण समाज का एक अग्रणी संगठन है, जो विश्वभर में समाजहित एवं सेवा कार्यों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने संगठन की गतिविधियों एवं सामाजिक एकता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, जिला मंत्री विकास पुरोहित, पूर्व पालिका अध्यक्ष मुकदगढ़ ओमप्रकाश जोशी, मुकदगढ़ व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, मुरारका ट्रस्ट नवलगढ़ के संजय शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# नकली सोने की ईंट बेचकर ठगी करने वाली मेवात गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कानोता थाना पुलिस ने नकली सोने की ईंट बेचकर लोगों से ठगी करने वाले मेवात क्षेत्र के एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 500 ग्राम वजनी पीली धातु की नकली सोने की ईंट, दो मोबाइल फोन, दो फर्जी सिम कार्ड तथा वारदात में प्रयुक्त काले रंग की लग्जरी स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की है। दोनों आरोपी कई अन्य मामलों में भी वांछित बताए जा रहे हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने नकली सोने की ईंट बेचकर लोगों से ठगी करने वाले मेवात क्षेत्र के एक शातिर बदमाश रासीद उर्फ भूरा पुत्र हारूण निवासी गांव जाज्मका, थाना कैथवाड़ा जिला डीग तथा जाकिर हुसैन पुत्र नूर मोहम्मद निवासी अकबरपुर मेव, थाना सीकरी जिला डीग को



गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रासीद उर्फ भूरा के खिलाफ पूर्व में अलवर जिले के नौगांवा थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और वह जेल भी जा चुका है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मेवात क्षेत्र के रहने वाले हैं और सीधे-साधे तथा संपन्न लोगों को निशाना बनाकर ठगी करते थे। आरोपी पहले कम कीमत में सोना बेचने का झांसा देते और विश्वास जीतने के लिए असली सोने का छोटा टुकड़ा जांच के लिए देते थे। बाद में सुनसान स्थान पर बुलाकर नकली सोने की ईंट थमा लाखों रुपए लेकर फरार हो जाते थे। कानोता थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जयंती नगर, आगरा रोड क्षेत्र में स्कॉर्पियो सवार दो व्यक्ति नकली सोने की ईंट बेचकर लोगों को ठगने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर स्कॉर्पियो सवार दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से नकली सोने की ईंट बरामद हुई। इस कार्रवाई में कानोता थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल, कांस्टेबल राधेश्याम, पीतम सिंह, मुकेश कुमार और प्रकाश की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और पूर्व में की गई वारदातों की जानकारी जुटा रही है।

# जोम्बी गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने इस गिरोह को जोम्बी गैंग नाम दिया है क्योंकि आरोपी चोरी के बाद पुलिस से बचने के लिए श्मशान घाट को अपना ठिकाना बनाते थे और रात में वहीं सोते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास चौधरी उर्फ विकास जाट निवासी सुवालो की ढाणी, बामणवास चौमूं तथा अक्षय पारीक निवासी भगवान नगर, दीपपुरा हरमाड़ा शामिल ह। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दुपहिया वाहन चोरी की दर्जनों वारदातें करना स्वीकार किया है। गिरोह के सदस्य मास्टर की से लॉक खोलकर अथवा डायरेक्ट वायरिंग कर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

चोरी के बाद आरोपी वाहनों को तुरंत बेचने के बजाय पहले शमशान घाट में छिपाकर खड़ा कर देते थे।

मामला शांत होने के बाद वे इन वाहनों को औने-पौने दामों में बेचकर नशे और अपने शौक पूरे करते थे। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा आलोक सैनी के सुपरविजन तथा हरमाड़ा थानाधिकारी उदय सिंह यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों और संदिग्ध मार्गों पर लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि विकास जाट के खिलाफ पूर्व में चोरी और डकैती की तैयारी के मामले दर्ज हैं, जबकि अक्षय पारीक के खिलाफ मारपीट और चोरी के प्रकरण लंबित हैं।

पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों और गिरोह के संभावित नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी उदय सिंह यादव, उप निरीक्षक दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल ताराचंद, कांस्टेबल अनिल कुमार, करणी सिंह, रामप्रकाश, राकेश कुमार, महेश कुमार, हवा सिंह एवं चालक कांस्टेबल सुमेर सिंह की विशेष भूमिका रही।

# चिकित्सा संस्थानों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए हो रही मॉकड्रिल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए जिले के चिकित्सा संस्थानों में मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं। मॉक ड्रिल के दौरान बढ़ते तापमान में संभावित आगजनी की घटनाओं पर रोकथाम संबंधी तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि जिले में फायर सेफ्टी



वीक का संचालन किया जा रहा है। आगामी 10 मई तक आयोजित होने वाले फायर सेफ्टी वीक के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए चिकित्सा संस्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष फायर सेफ्टी वीक की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ रखी गई है। चिकित्सा संस्थानों में मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से निबटने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसका उद्देश्य आगजनी की घटनाओं की जानकारी बढ़ाने, रोकथाम करने, अपेक्षित तैयारियां करने और अग्नि सुरक्षा के मानकों की पालना करना है।

# मरीजों को फल व बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को तारानगर में सोसायटी की ओर से विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य किए गए। इस अवसर पर सोसायटी के आजीवन सदस्य समाजसेवी अमरसिंह चारण के सौजन्य से उप जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये एवं जूस पिलाया गया। इसी कड़ी में डीएसपी कार्यालय में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की गयी। झुगी झोंपडियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री प्रदान की गयी एवं भीषण गर्मी को देखते हुए झुग्गी झोपड़ियों में टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति की गई। इस मौके पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, डीएसपी रोहित सांखला, पीएमओ डॉ देवीलाल जोशी, समाजसेवी अमरसिंह चारण, मुकेश फगेड़िया, राजेन्द्र सोनी, पूर्ण सरोवा, निशांत स्वामी, अनिल, राजू, सुनील सहित अम्बेडकर युवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रावणा राजपूत के पूर्व जिलाध्यक्ष की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** भोजनगर में रावणा राजपूत के पूर्व जिला अध्यक्ष सूबेदार मदन सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों तथा गांव के गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर गणेश सिंह, सत्यवीर सिंह, राम सिंह पूर्ण सिंह, किशन गुर्जर, कैप्टन सुरेंद्र सिंह, कैप्टन कुरड़ाराम गुर्जर, सूबेदार सुमेर सिंह खिरोड़, अभय सिंह, सुमेर सिंह सुरजनपुरा, निवास धायल, हरि सिंह, गोकुल सिंह, रणजीत सिंह, रोहिताश सिंह, गजराज सिंह, राजाराम ढाका, सूबेदार हरलाल, रामकुमार नेचु, श्योपाल, ताराचंद सहित ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित किए।

पत्नी भंवर कंवर के द्वारा धर्मशाला में 5 वाटर कैन तथा सीनियर स्कूल में बच्चों के बाथरूम और टॉयलेट का निर्माण कार्य करवाया गया। इसके अलावा गौशाला में दलिया, गुड़ और 1 ट्रोली चारा गायों के लिए दिया गया। कैप्टन सुरेंद्र सिंह ने इनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

# स्व जनगणना जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तयतारानगर सेठ सूरजमल हीरालाल काशीराम कंदोई उच्च माध्यमिक भवनद्ध में शुक्रवार को स्व जनगणना जागरूकता संदेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जनगणना के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय की बहिनों ने उत्साहपूर्वक रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियों एवं प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से जनगणना के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बहिनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दयाकंवर ने




बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की योजनाओं एवं विकास की आधारशिला है। छात्राओं को ऐसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, राष्ट्रभक्ति एवं रचनात्मक प्रतिभा के विकास हेतु प्रयासरत रहता है। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य-दीदी, कर्मचारीगण एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# आयुक्त ने मांगी ईपीएफ, ईएसआई की जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों को बैंक खातों के जरिये भुगतान करने की मांग के मामले को लेकर नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक गंभीर नजर आ रहे हैं। नगरपरिषद की ठेकेदार फर्मों को नोटिस देकर आयुक्त ने तीन दिनों में जानकारी मांगी है कि उनके द्वारा लगाए गए कर्मचारियों के ईपीएफए ईएसआई के चालान की प्रति जमा करवाई जावे। ये जानकारी जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी भी नगरपरिषद आयुक्त ने दी है। नगरपरिषद की डिस्पैच शाखा से मिली जानकारी के अनुसार मैसर्स रामप्यारी सियोता इंटरप्राइजेज, अजय कंस्ट्रक्शन कंपनी, प्रिंस कंस्ट्रक्शन कंपनी, एलकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी, अशोक इंटरप्राइजेज, कालूराम सफाई ठेकेदार, प्रतिज्ञा अभिषेक इंटरप्राइजेज को ये नोटिस जारी किए गए हैं।

# ग्राम रथ का ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ अभिनंदन

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रथों के सफल संचालन एवं सहयोग के अंतर्गत राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को रथों के माध्यम से गांव-गांव ढाणी ढाणी पहुंचाने के लिए लाडनूं विधानसभा का विकास रथ ग्राम घिरड़ोदा एवं भिडासरी व मिठड़ी पहुंच कर राजस्थान सरकार की ग्राम विकास योजनाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में लाडनूँ एसडीएम मीनू वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे,



विधानसभा प्रत्याशी करणीसिंह, जगदीश पारीक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, राकेश शर्मा विधानसभा प्रवासी, नितेश माथुर जिला मंत्री, गोविन्द सिंह एडवोकेट, प्रशासक प्रतिनिधि नवरत्न खीचड़, श्याम सुंदर, प्रहलाद पारीक नायब तहसीलदार एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्राम मिठड़ी का कार्यक्रम आम गुवाड़ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा साथ ही ग्राम वासियों की पानी बिजली राजस्व एवं पंचायत संबंधी समस्त प्रकार की समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

# प्रेम प्रकाश ग्रंथ की वाणी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग तेज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के देश-विदेश में संचालित 150 प्रेम प्रकाश आश्रमों ने श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ की वाणी को स्कूल और कॉलेजों के हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल कराने की मांग उठाई है। जयपुर स्थित एमआई रोड के श्री अमरापुर स्थान से संतों ने विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, शिक्षा मंत्री और पाठ्यपुस्तक मंडल को पत्र भेजकर ग्रंथ को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की मांग की।

संत मोहन प्रकाश महाराज एवं स्वामी मनोहर लाल ने बताया कि स्वामी टेऊँराम महाराज की वाणी में सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि मीरा, कबीर, सूरदास और गुरु नानक की तरह उनकी शिक्षाएं भी समाज को नई दिशा देती हैं। करीब 800 पृष्ठों के प्रेम प्रकाश ग्रंथ में 1500 दोहे, 800 पद्य, 500 छंद और 2000 भजनों का संग्रह है।



# यश
## नवीन कुमार गौडा



# पिता बस ड्राइवर थे, 300 लेकर एक्टर बनने निकले

### थिएटर में 50 कमाए, टीवी से शुरुआत करने वाले यश को केजीएफ ने पैन-इंडिया स्टार बनाया

**यश आज पैन-इंडिया सुपरस्टार हैं, लेकिन उनका सफर संघर्षों से भरा रहा। कर्नाटक के साधारण परिवार में जन्मे यश के पिता बीएमटीसी बस ड्राइवर थे, जबकि मां हाउसवाइफ थीं। बचपन से ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें सिर्फ एक्टर बनना है। घरवालों की चिंता और पैसों की तंगी के बावजूद वे महज 300 लेकर बेंगलुरु पहुंचे। शुरुआत में थिएटर में बैकस्टेज काम किया, जहां उन्हें 50 मिलते थे। वहीं से उन्होंने एक्टिंग सीखी और छोटे-छोटे रोल करने लगे। बाद में टीवी सीरियल्स में मौका मिला, जहां शुरुआत में उन्हें 500 प्रतिदिन मिलते थे। मेहनत और संघर्ष के दम पर यश ने कन्नड़ सिनेमा में पहचान बनाई। फिर केजीएफः चैप्टर 1 और केजीएफः चैप्टर 2 से देशभर में सुपरस्टार बन गए।**

#### बचपन से ही एक्टर बनना चाहता था

एक इंटरव्यू में यश ने अपने करियर और निजी जीवन से जुड़ी बातें साझा की थीं। यश कहते हैं- मेरा जन्म कर्नाटक के हासन जिले के गांव भुवानाहल्ली में हुआ था। मेरे पिता मैसूर में रहते थे, इसलिए मेरा बचपन भी वहीं बीता। मेरे पिता बीएमटीसी बस ड्राइवर थे और मां हाउसवाइफ थीं।

हम एक आम मिडिल क्लास परिवार की तरह खुशहाल जिंदगी जी रहे थे। फिर मैंने एक्टर बनने का सपना देखा। बचपन से ही मुझे एक्टर के तौर पर मिलने वाला एक्स्ट्रा अटेंशन पसंद था। इसी वजह से मुझे एक्टिंग, मोनो एक्टिंग, फैंसी ड्रेस और डांस में हिस्सा लेना अच्छा लगता था। इन सबसे मुझे बहुत खुशी मिलती थी। वहीं से यह सफर शुरू हुआ।

#### एक्टिंग के अलावा दूसरा विकल्प नहीं था

एक्टिंग के अलावा मेरे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था। मेरे जीवन में कोई प्लान-बी नहीं था। मैं सिर्फ एक्टर बनना चाहता था। सच कहूं तो मैं स्टार बनना चाहता था। उस उम्र में मुझे यह समझ नहीं थी कि एक्टर बनना कितना मुश्किल है या इसके लिए कितनी मेहनत और समर्पण चाहिए। लेकिन बचपन से ही लगता था कि मैं एक दिन एक्टर जरूर बनूंगा।

#### टीचर्स हीरो कहकर बुलाते थे

मेरे स्कूल के टीचर्स मुझे हीरो कहकर बुलाते थे। बचपन में मैंने एक मोनो एक्टिंग की थी, जिसमें मैं वीरप्पन को पकड़ने की बात करता था। इसी वजह से स्कूल में सब मुझे चिढ़ाते थे। जब भी वीरप्पन की कोई खबर आती, लोग मजाक में कहते, अरे, अभी तक पकड़ा नहीं क्या लेकिन मैं अंदर से मान चुका था कि एक दिन एक्टर बनूंगा।

फिल्मों में आने से पहले मैं किसी एक्टिंग इंस्टीट्यूट या फिल्म स्कूल में पढ़ना चाहता था, लेकिन मेरे माता-पिता डरे हुए थे। उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री आसान जगह नहीं है और वहां सफल होना मुश्किल है। 10वीं के बाद ही मैं एक्टिंग में जाना चाहता था, क्योंकि मुझे पता था कि क्या करना है। लेकिन घरवालों ने कहा कि पहले डिग्री पूरी करनी होगी।

#### पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था

मैंने पीयूसी पूरा किया, लेकिन धीरे-धीरे एहसास हुआ कि मेरा मन पढ़ाई में नहीं लग रहा है। पढ़ाई बुरी नहीं लगती थी, लेकिन मैं जल्दी एक्टर बनना चाहता था। मुझे लगता था कि यही सही उम्र है, जब मुझे अपने हुनर को समझना और सीखना चाहिए। किसी भी पेशे में समय लगाना जरूरी होता है, ताकि उसे अच्छे से सीखा जा सके। इसलिए मैंने तय कर लिया कि अब मुझे एक्टिंग की तरफ ही जाना है।

#### एक्टिंग इंस्टीट्यूट की फीस भरने के पैसे नहीं थे

मेरे माता-पिता बहुत परेशान थे। उन्हें लग रहा था कि मैं उनकी बात नहीं सुन रहा हूं। मैंने उनसे कहा कि मुझे सिर्फ एक मौका चाहिए। मैं किसी एक्टिंग इंस्टीट्यूट या थिएटर ग्रुप में शामिल हो जाऊंगा। लेकिन उस समय हमारे पास इतने पैसे नहीं थे कि मैं एक्टिंग इंस्टीट्यूट की फीस भर सकूं। इसलिए मैंने थिएटर जॉइन करने का फैसला किया। मैं घर छोड़कर चला गया। यह घरवालों की मर्जी के खिलाफ था। उन्होंने मुझसे कहा, ठीक है, जाओ। लेकिन अगर वापस लौटकर आए तो फिर सिर्फ पढ़ाई करना और नौकरी करना। मैंने कहा, ठीक है, लेकिन मुझे एक मौका दीजिए। उन्हें लगा कि मैं जल्द ही वापस आ जाऊंगा, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ।

#### 300 लेकर बेंगलुरु पहुंचा था

जब मैं बेंगलुरु पहुंचा तो मेरे पास सिर्फ 300 थे। शहर मुझे बहुत बड़ा और डराने वाला लगा। छोटे शहर से आने वाले इंसान के लिए बड़ा शहर डराने वाला हो सकता है। मुझे लगा कि यहां लोग बहुत तेज हैं और हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। लेकिन अच्छी बात यह थी कि हर जगह मुझे मदद करने वाला मिल गया।

#### थिएटर में इमरजेंसी एक्टर बन गया

मैंने 'बेनाका' थिएटर ग्रुप जॉइन किया और बैकस्टेज काम करने लगा। बैकस्टेज काम करते हुए मैं दूसरे कलाकारों के रोल प्रैक्टिस करता था। अगर कोई एक्टर लेट हो जाता तो मैं उसके डायलॉग बोल देता। इस तरह रिहर्सल करता रहता था। धीरे-धीरे मैं इमरजेंसी एक्टर बन गया। अगर कोई बीमार हो जाए या कलाकार न आए, तो मुझे स्टेज पर भेज दिया जाता था। वहीं से मेरा असली सफर शुरू हुआ और बाद में बड़े रोल मिलने लगे।

#### थिएटर में बैकस्टेज काम के बदले मुझे 50 मिलते थे

उस समय मेरे माता-पिता परेशान रहते थे, क्योंकि बेंगलुरु जैसे शहर में रहना आसान नहीं था। रहने की जगह भी नहीं थी। मुझे शहर की सड़कों तक का पता नहीं था। मैं पहले कभी अपनी राजधानी तक नहीं गया था। थिएटर में बैकस्टेज काम के बदले मुझे 50 मिलते थे। वही मेरी कमाई थी और उसी से खर्च चलता था। लेकिन आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो वह संघर्ष नहीं, बल्कि रोमांच लगता है। हर दिन नया अनुभव था।

#### टीवी में शुरुआत में रोज 500 मिलते थे

यश कहते हैं- मुझे अच्छे टीवी शोज और शानदार कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। वहीं से मेरी एक्टिंग की असली ट्रेनिंग शुरू हुई। टीवी में शुरुआत में मुझे 500 प्रतिदिन मिलते थे। बाद में दूसरे सीरियल के लिए 1500 प्रतिदिन ऑफर हुए।

#### टीवी की कमाई कपड़ों और लुक पर खर्च करता था

उस समय कर्नाटक में टीवी कलाकारों को अपने कपड़े खुद खरीदने पड़ते थे। बाकी लोग पैसे बचाने के लिए एक ही कपड़े कई सीरियल्स में पहनते थे और गाड़ी या प्रॉपर्टी खरीदते थे। लेकिन मैं अपनी कमाई कपड़ों और लुक पर खर्च करता था। लोग मुझ पर हंसते थे और कहते थे कि मैं पैसे बर्बाद कर रहा हूं। लेकिन मैं उनसे कहता था, मेरा सपना सुपरस्टार बनना है। अभी मेरे पास उतने पैसे नहीं हैं, लेकिन मैं जितना कर सकता हूं, उतना खुद पर निवेश करूंगा। शायद उसी वजह से किसी ने मुझे देखकर कहा कि यह हीरो बन सकता है और मुझे फिल्म का ऑफर मिला।

#### एक्टिंग सीखने की चाह ने बनाया रास्ता

मेरा पहला स्टेज परफॉर्मेंस मुंबई में हुआ। माटुंगा में एक मैसूर एसोसिएशन थी, जहां थिएटर ग्रुप गया था। वहां छोटे रोल के लिए कलाकार नहीं आया, तो मैंने कहा कि मैं करूंगा। मैं बैकस्टेज वर्कर था। डायरेक्टर नागभारण सर ने मुझे स्टेज पर जाने से पहले रोककर कहा, रुको, पहले देखो और सीखो, बाद में एक्टिंग करना। लेकिन मैंने उनसे कहा, सर, आपने पूछा था कि कोई है क्या इसलिए मैं आया हूं। मैं कर लूंगा। आखिरकार उन्होंने मुझे मौका दिया। वह मेरी जिंदगी का पहला बड़ा मौका था और लोगों को मेरा काम पसंद आया।



#### फिल्मों में एंट्री और पहला ब्रेक

यश ने साल 2007 में फिल्म जंबाड़ा हुडुगी से फिल्मों में कदम रखा। इसमें उन्होंने सपोर्टिंग रोल किया था। इसके बाद 2008 में आई फिल्म मोग्गिना मनसु से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (कन्नड़) मिला। यश की पहली लीड फिल्म रॉकी (2008) बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। इसके बाद कल्लारा संतहे और गोकुला जैसी फिल्में भी खास नहीं चलीं। हालांकि इन फिल्मों में उनकी एक्टिंग को लेकर चर्चा हुई। साल 2010 में आई फिल्म मोडलसाला यश की पहली सोलो हिट बनी। इसके बाद किरातका, लकी, जानू और ड्रामा जैसी फिल्मों ने उन्हें कन्नड़ सिनेमा में मजबूत एक्टर के तौर पर स्थापित किया।

#### स्टारडम की ओर बढ़ते कदम


साल 2013 से 2017 के बीच यश ने गुगली, राजा हुली, गजकेसरी, मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी, मास्टरपीस और संतु स्ट्रेट फॉरवर्ड जैसी हिट फिल्मों में काम किया। इस दौर में उनकी इमेज मास हीरो की बन गई। खास तौर पर मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी बड़ी हिट साबित हुई। साल 2014 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ से अधिक का बिजनेस किया।

#### हर फिल्म के साथ मेरा कलेक्शन बढ़ रहा था

यश कहते हैं- इन्हीं फिल्मों ने मुझे ताकत और आत्मविश्वास दिया। हर फिल्म के साथ मेरा कलेक्शन बढ़ रहा था और दर्शकों का प्यार भी बढ़ रहा था। तब एहसास हुआ कि लोग मुझसे कुछ बड़ा उम्मीद कर रहे हैं। तभी मैंने सोचना शुरू किया कि सिनेमा सिर्फ फिल्में करने और पैसे कमाने तक सीमित नहीं है।

#### टीवी नहीं करना चाहता था

इसके बाद मुझे टीवी में काम मिला। किसी ने मेरा नाटक देखा और टीवी सीरियल का ऑफर दिया। शुरुआत में मैं टीवी नहीं करना चाहता था, क्योंकि मेरे दिमाग में सिर्फ फिल्मों का सपना था। मुझे लगता था कि टीवी में वो स्टारडम नहीं मिलेगा। लेकिन जिंदगी बहुत कुछ सिखाती है। टीवी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। कैमरे के सामने काम करना, टेक्निकल चीजें समझना, फोकस और शॉट्स समझना- ये सब मैंने वहीं सीखा। नए कलाकारों के लिए टीवी अच्छी जगह है, क्योंकि वहां सीखने और प्रैक्टिस का समय मिलता है। वहां का माहौल परिवार जैसा होता है और लोग सिखाते भी हैं। यश ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टेलीविजन सीरियल्स से की थी।





> क्लास में जब सब अपने-अपने सपने बताते थे, मैं कहता था, "मैं सुपरस्टार बनूंगा।" लोग हंसते थे, लेकिन मुझे अपने सपने पर पूरा भरोसा था।



यश
एक्टर

> जीने के लिए कमाना भी जरूरी था, इसलिए मैंने टीवी में काम करना शुरू किया।



यश
एक्टर

# 9 व 10 मई को होगी लैब असिस्टेंट परीक्षा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि सीकर जिले में 9 व 10 मई को 32 परीक्षा केन्द्रों पर 10008 विद्यार्थी लैब असिस्टेंट परीक्षा में भाग लेंगे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 9 मई को एक पारी और 10 मई को 2 पारियों में परीक्षा होगी। परीक्षा के नोडल प्रभारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनकुमार स्वामी ने बताया कि लैब असिस्टेंट परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा शुरू होने से ठीक 1 घंटे पहले अभ्यर्थियों का प्रवेश बंद हो जाएगा। गर्मी को देखते हुए पेयजल सप्लाई और पंखे-कूलर की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनकुमार स्वामी ने बताया कि सीकर में 9 प्राइवेट और 23 गवर्नमेंट सेंटर पर परीक्षा होगी। 9 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा 10 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया है। सभी संबंधित परीक्षा केन्द्राधीक्षक और वीक्षक की ट्रेनिंग हो चुकी है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनकुमार स्वामी ने बताया कि परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था, अनुचित साधनों की रोकथाम और भीषण गर्मी से बचाव आदि का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया जाएगा और पूरे परीक्षा सेंटर की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। नकल और पेपर लीक जैसी गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त है। उन्होंने बताया कि मई माह की भीषण गर्मी और हीटवेव के अलर्ट को देखते हुए स्टूडेंट्स के लिए विशेष बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सभी परीक्षा सेंटर पर नियमित बिजली सप्लाई के लिए साइलेंट जनरेटर की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा के लिए जिले में 6 फ्लाइंग स्क्वॉयड, ऑब्जर्वर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पुलिस का जाब्ता हर केंद्र पर तैनात रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सीकर न्यायक्षेत्र स्थित समस्त न्यायालयों में 9 मई शनिवार को वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपा गुप्ता ने राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया एवं महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत मुकदमों के निस्तारण का सस्ता, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण माध्यम है। लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित प्रकरणों में पक्षकारों द्वारा जमा कराई गई न्यायालय शुल्क राशि वापस लौटा दी जाती है, जिससे पक्षकारों को कम खर्च में त्वरित न्याय प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया पक्षकारों की आपसी सहमति पर आधारित होती है, इसलिए इसमें तकनीकी जटिलताएं नहीं होती हैं। यह प्रक्रिया पक्षकारों के बीच आपसी वैमनस्य को समाप्त कर सौहार्द एवं सामंजस्य स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होती है। लोक अदालत में निस्तारित प्रकरणों का निर्णय अंतिम होता है तथा इसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती, जिससे पक्षकारों को दीर्घकालीन मुकदमेबाजी से राहत मिलती है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ ऐसे संभावित मामलों का भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण किया जा सकता है, जिनमें भविष्य में मुकदमेबाजी की संभावना हो। इनमें मुख्य रूप से बैंक ऋण वसूली, बिजली एवं टेलीफोन बिलों की बकाया राशि से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई के लिए सीकर जिला मुख्यालय सहित फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, रींगस, दांतारामगढ़, खंडेला एवं धोद में कुल 15 बैंचों का गठन किया गया है। ये बैंच प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रकरणों की सुनवाई एवं राजीनामे की कार्यवाही करेंगी।

# जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे बैच का निरीक्षण, स्वगणना के लिए किया प्रेरित

निसं

**मंडावा (नवयत्न)।** तहसील मंडावा में संचालित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे बैच के प्रशिक्षण सत्र का शुक्रवार को जिला उप जनगणना अधिकारी पूनम कटेवा, जनगणना समन्वयक सुभाष यादव तथा तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर कार्मिकों की उपस्थिति का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य की महत्ताए पारदर्शिता एवं सटीकता के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। साथ ही उपस्थित



सभी कार्मिकों की स्वगणना भी करवाई गई तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक परिवारों को स्वगणना के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि स्वगणना प्रक्रिया से आमजन की भागीदारी बढ़ेगी तथा जनगणना कार्य अधिक सरलए तेज एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न हो सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिकों को जनगणना कार्य से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा संग्रहण, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, परिवार विवरण दर्ज करने की विधि तथा आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही व्यवहारिक अभ्यास भी करवाया जा रहा है ताकि फील्ड में जाकर कार्मिक सुचारू रूप से कार्य संपादित कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्णतः व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक बैच को तीन दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्मिकों को हर पहलू की जानकारी देकर दक्ष बनाया जा रहा है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौरतलब है कि तहसील मंडावा में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 मई से किया गया था। इसके तहत विभिन्न बैचों में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार लगातार संचालित किया जा रहा है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं श्योराम पुत्र स्व. नन्दराम जाति बावरिया निवासी पिपली तहसील नीमराना जिला अलवर राजस्थान का शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे द्वारा दिया गया विवरण सही व सत्य है। यह की आकाश और विकास दोनों मेरे पुत्र है मेरे कहे अनुसार नहीं रहते हैं तथा ना ही मेरा कहना मानते हैं मेरे पुत्र आवारा व्यक्तियों की संगत में रहते है तथा मेरी सेवा श्रुता नहीं करते हैं। यह कि मैं व मेरी पत्नी मेरे पुत्र आकाश और विकास को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं अगर कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्रों से कोई भी पैसे या किसी भी प्रकार का लेनदेन या अन्य व्यवहार करेगा उसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी इसमें मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**एडवोकेट करन सिंह यादव,**
**एम. जे. एम. कोर्ट बुहाना,**
**R/2559/2004**

# प्रगणक व पर्यवेक्षक को दी विविध गतिविधियों की जानकारी



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल संचालन हेतु जिले के विभिन्न उपखंडों एवं तहसीलों में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण का आयोजन निरंतर जारी है। जिले के 11 प्रशिक्षण केंद्रों पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनगणना कार्य की प्रक्रियाओं, परिवारों से संवाद, प्रश्नावली भरने, ऑनलाइन फीडिंग, सीएमएमएस पोर्टल, स्वगणना एवं डाटा सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत अधिसूचित अवधि 16 मई से 14 जून, 2026 के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। इसके लिए जिले में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दक्ष बनाया जा रहा है।

# अनावश्यक चिकित्सकीय अवकाश पर रोक के लिए मेडिकल बोर्ड गठन के निर्देश

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रतन कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य में नियुक्त पदाधिकारियों एवं फील्ड कर्मियों द्वारा अनावश्यक चिकित्सकीय अवकाश लेने से जनगणना कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कार्मिकों द्वारा अनावश्यक रूप से चिकित्सकीय अवकाश के उपभोग की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाना प्रस्तावित है, जिससे ऐसे प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिला जनगणना अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमानुसार मेडिकल बोर्ड का गठन कर इसकी सूचना जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टरए सीकर को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

# जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय, सीकर के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ, जिसका संचालन जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट नकुल मीना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट नकुल मीना एवं जिला ऑर्गेनाइजर गाइड परमेश्वरी वर्मा द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्कार्फ पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष हरफूल खीचड़ नेमीचंद खीचड़, रामस्वरूप खीचड़ए जिला मुख्यालय आयुक्त सुलोचना कुमारी तथा प्रधानाचार्य राज शर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव डॉ देवेंद्र सिंह द्वारा की गई। बैठक में स्काउटिंग गतिविधियों के प्रभावी संचालन एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के सुदृढ़ संचालन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य से पंजीकृत राजकीय एवं निजी विद्यालयों के स्काउटर एवं गाइडर उपस्थित रहे। अंत में जिला ऑर्गेनाइजर गाइड परमेश्वरी वर्मा द्वारा सभी अतिथियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव माया खीचड़, जिला प्रशिक्षण आयुक्त ललिता कुमारी, ब्लॉक सचिव पिपराली मिथुन जाटोलिया, रोवर संदीप कुमार, डोली पारीक, अनु कुमारी, अंकित, रवि, योगेश सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary

साधिकार प्रकाशित | Published by Authority

चैत्र 17, मंगलवार, शाके 1948- अप्रेल 07, 2026

Chaitra 17, Tuesday, Saka 1948- April 07, 2026

सत्यमेव जयते

भाग-1 (ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

कार्यालय भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना, जिला-सीकर

प्रारम्भिक अधिसूचना

सीकर, अप्रैल 05, 2026

(अन्तर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1)

प्रपत्र-7

(नियम 16 का उपनियम (1) देखें)

Rajkaj 21413678:- राजस्थान सरकार को यह प्रतीत होता हैं कि उपखण्ड क्षेत्र नीमकाथाना में, संलग्न अनुसूची की सम्बद्ध सारणी के कॉलम (1) से (6) तक में तहसील-पाटन जिला-सीकर के उल्लेखित 04 राजस्व ग्राम यथा हसामपुर, बोपिया, छाजा की नांगल एवं डोकन के 129 खसरों का आंशिक/सम्पूर्ण भाग का 14.2734 हैक्टेयर क्षेत्रफल प्रान्तीय महत्व की प्रस्तावित एवं राजस्थान राजपत्र विशेषांक सितम्बर 24, 2025 द्वारा अधिसूचित परियोजना राज्य राजमार्ग संख्या-37 बी के नीमकाथाना से कोटपूतली खण्ड (38.00 किमी) के 2-लेन से 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना अन्तर्गत हसामपुर एवं डोकन बाईपास सड़क निर्माण का जनहित में निर्माण/विकास किए जाने के लिए इन आवश्यक भूमि/भूमियों की भूमि-अवाप्ति की कार्यवाही भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम सं 30) की धारा-11 की उपधारा (1) एवं राजस्थान सरकार के नियम 2016 के नियम-16 उपनियम (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाना अत्यावश्यक हैं। उक्त अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों तथा विहित प्रक्रियानुसार परियोजना राज्य राजमार्ग संख्या-37बी के नीमकाथाना से कोटपूतली खण्ड (38.00 किमी) के 2-लेन से 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना अन्तर्गत हसामपुर एवं डोकन बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित भूमियों/भू-भाग/क्षेत्र का एसआईए अध्ययन एवं सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट, अधिकृत की गई एजेन्सी द्वारा तैयार करवाकर आमजन/हितबद्ध को जनसुनवाई के माध्यम से अवगत करवाया गया तदुपरान्त नियमानुसार गठित गैर-सरकारी बहुआयामी विशेषज्ञ समूह द्वारा रिपोर्ट के किए गए परीक्षण एवं अनुशंषा के तदुपरान्त राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजना का सारांश यह है कि इस परियोजना सड़क के लिए भू-अर्जन के कारण प्रभावित परिवारों में से किसी (परिवारों-कुटुम्बों) के भी विस्थापित होने की संभावना नहीं है। अतः परियोजना की पृष्ठभूमि पूर्णतः विकास की है, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की अनुसूची से सम्बद्ध सारणी (सार-संक्षेप)**

| | | | | प्रभावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | सीकर | पाटन | हसामपुर | 25 | 1.3349 |
| 2 | सीकर | पाटन | बोपिया | 09 | 2.4516 |
| 3 | सीकर | पाटन | छाजा की नांगल | 69 | 6.0536 |
| 4 | सीकर | पाटन | डोकन | 26 | 4.4333 |
| | | | कुल योग | 129 | 13.82 |

परियोजना सड़क से तहसील पाटन के 04 राजस्व ग्रामों की प्रभावित भूमि का विस्तृत विवरण संलग्न अनुसूची में अंकित है तथा परियोजना से सम्बन्धित जानकारी, कोई भी हितबद्ध व्यक्ति कार्य दिवसों में कार्यालय भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी, नीमकाथाना से प्राप्त कर सकता है।

प्रस्तावित सड़क परियोजना से राजस्व ग्राम हसामपुर, बोपिया, छाजा की नांगल एवं डोकन की प्रभावित भूमि का विवरण विस्तृत रूप से अनुसूची में निम्नानुसार है।

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-नीमकाथाना एवं परियोजना निदेशक, आरएसआरडीसी इकाई-सीकर को, अन्य तकनीकी विशेषज्ञों से सहयोग लेने व स्वयं मय अधीनस्थ स्टाफ के अपने श्रमिकों सहित यदि कोई हो, को प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, तलमापन/अन्य कोई माप करने, अवमृदा के भीतर खोदने/भेदन करने तथा वे समस्त कार्य हो धारा-12 में वर्णित हैं, को करने के लिए प्राधिकृत करती हैं।

अधिनियम की धारा-11(4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा ना ही किसी से करवाएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा, परन्तु विशेष परिस्थितियों में आवश्यक होने पर भी अर्थात् क्रय विक्रय, रहन, स्वरूप/शीर्षक/भू-उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी कार्य, इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात् भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना की बिना पूर्वानुमति के नहीं कर सकेगा।

अधिनियम की धारा-15 के तहत् यथा बंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिवस की अवधि में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार (खातेदार) को भूमि-अर्जन से सम्बन्धी कोई आपति/आक्षेप यदि कोई हो, तो भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना के समक्ष प्रस्तुत कर सकता हैं।

अतः एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि संलग्न अनुसूची में उल्लेखित भूमि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना राज्य राजमार्ग संख्या-37बी के नीमकाथाना से कोटपूतली खण्ड (38.00 किमी) के 2-लेन से 4-लेन सड़क निर्माण परियोजना अन्तर्गत हसामपुर एवं डोकन बाईपास सड़क निर्माण के निर्माण/विकास के लिए जनहित में अर्जित किया जाना अत्यावश्यक हैं।

आर. के. लूथरा
संयुक्त सचिव (पथ),
सा.नि.विभाग, राजस्थान, जयपुर।

DIPR/C/8085/2026

# ग्राम रथ अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राज्य सरकार के प्रदेशव्यापी ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बारवा में कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार एलईडी रथ के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारी



सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। इस दौरान नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने ग्राम पंचायत बारवा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रियंका शर्मा, विकास अधिकारी रितेश सांखला, सहायक निदेशक कृषि रोहिताश ढाका, कृषि अधिकारी नवलगढ़ सुभाष चन्द्र सीगड़, उपनिदेशक पशुपालन डॉ गिरधारी भास्कर, पूर्ण सिंह शेखावत, शंकर लाल सैनी, राजेन्द्र सैनी, जगमोहन सिंह शेखावत, बीरबल यादव, किशन गुर्जर, धरमवीर, धीरजी, महेश, दिनेश, प्रकाश सैनी, मनीष शर्मा, राधेश्याम भडाणा, प्रहलाद भडाणा, श्रीराम भडाणा, भानुराम भडाणा, जगदीश मास्टर, केशर गुर्जर, पोखर सिराधना सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 10 ग्राम एमडी के साथ दो गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय सदर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसआई गीतारानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुढा रोड रोही कानूता पर नाकाबंदी की थी। पुलिस ने सीताराम सियाग निवासी नागौर और रामचन्द्र निवासी कानूता को गिरफ्तार किया है। सीताराम के पास से 2.83 ग्राम और रामचन्द्र के पास से 7.23 ग्राम एमडी मिली। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बरामद किए गए नशे की बाजारी कीमत करीब 35 हजार रू. आंकी गई है।

# हत्या के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बीदासर के बहु चर्चित मुनेराम हत्याकांड में आरोपी का जमानत आवेदन स्थानीय एडीजे न्यायालय ने खारिज किया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि मुलजिम देवीसिंह पुत्र रामसिंह निण् ढढेरू को भी पुलिस ने मुलजिम मान कर जेल भिजवाया था। जिसका जमानत आवेदन, डी जे कोर्ट में लगने पर न्यायाधीश महेन्द्र प्रताप भाटी ने करते हुए देवीसिंह का जमानत आवेदन पत्र खारिज कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक श्याम सुन्दर खण्डेलवाल एडवोकेट ने पैरवी की है।

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल लोसल जिला-सीकर

nagarpalika_losal@gmail.com Phone No.:-01577-275321

क्रमांकः- न.पा.लो./2026-27-409 दिनांकः-08/05/2026

**लोक-सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निम्न आवेदिका द्वारा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नगरपालिका लोसल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति या हितधारक को कोई आपत्ति हो तो लोक-सुचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर कार्यालय नगरपालिका लोसल में विस्तृत विवरण एवं सुसगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करे, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र.सं. | प्रार्थिया का नाम मय पता | स्थान | क्षेत्रफल | पड़ौस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आरती पत्नि श्री कुलदीप भाटी निवारानी, साबु वाटर वर्क्स के पास वार्ड नं. 20 लोसल, तह दातारामगढ़, जिला सीकर | शहीद श्योदाना राम मार्ग, वार्ड नं 25 लोसल, सीकर | पट्टा संख्या 89 दिनांक 10.03.2026 1436.17 वर्ग मीटर (आवासीय प्रयोजन) | उतर खसरा नं. 2049<br>दक्षिण - खसरा नं. 2455/2298<br>पूर्व-खसरा नं. 2050<br>पश्चिम-सड़क |

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 8/5/2026 को जारी की गई।

**(ममता चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लोसल**

# तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान थाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक करीब 10 फीट दूर उछलकर सड़क पर जा गिरा जबकि बाइक भी दूर जाकर गिरी। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे परी सर्किल पर हुई। हादसे के बाद चालक घायल युवक को सड़क पर तड़पता छोड़ थार लेकर फरार हो गया।

हालांकि करीब 5 किलोमीटर दूर टायर फटने के कारण वाहन रुक गया, जिसके बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। थाना प्रभारी ओमप्रकाश मातवा ने बताया कि भरतपुर जिले के अटारी गांव निवासी अशरफ बाइक से आरटीओ की तरफ से जेएनयू अस्पताल की ओर जा रहा था। इसी दौरान ओवरस्पीड थार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अशरफ को तत्काल जेएनयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से करीब 5 किमी दूर सड़क किनारे खड़ी थार को जब्त कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि हादसे के बाद चालक तेज गति से वाहन भगाकर फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन रास्ते में थार का टायर फट गया। वाहन आगे नहीं बढ़ सका तो चालक उसे छोड़कर भाग निकला। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें थार की तेज रफ्तार और टक्कर का दृश्य कैद हुआ है।

पुलिस फुटेज के आधार पर फरार चालक की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# ज्वेलरी कारोबारी से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में गैंगस्टर्स के नाम पर रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला जयपुर के झोटवाड़ा इलाके से सामने आया है, जहां एक ज्वेलरी कारोबारी को गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण गैंग के नाम से पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगते हुए धमकी दी गई है। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर झोटवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस साइबर एक्सपर्ट की मदद से धमकी भेजने वाले की पहचान में जुटी है। झोटवाड़ा थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि इलाके में रहने वाले एक ज्वेलरी कारोबारी के मोबाइल पर 6 मई को एक वॉइस मैसेज आया।

मैसेज भेजने वाले व्यक्ति ने खुद को रोहित गोदारा-वीरेंद्र चारण गैंग से जुड़ा बताया और कारोबारी से 5 करोड़ रुपए की रंगदारी की मांग की। धमकी भरे वॉइस नोट में रंगदारी नहीं देने पर कारोबारी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद कारोबारी का परिवार दहशत में है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने वॉइस मैसेज के जरिए दबाव बनाते हुए जल्द रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू कर दी है और मोबाइल नंबर तथा डिजिटल ट्रेल खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में साइबर विशेषज्ञों की सहायता ली जा रही है और जल्द ही धमकी देने वाले आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान में गैंगस्टर्स के नाम पर बढ़ रही रंगदारी की घटनाओं ने व्यापारियों और आमजन में चिंता बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निविदाओं में अनियमितता की जांच करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नं. 45 के निवर्तमान पार्षद तरूण सियोता ने जिला कलक्टर चूरू को एक ज्ञापन भेजकर 2026-27 पूर्व ऑटो टीपर निरस्त कर दोबारा ऑटो टीपर निविदा निष्पक्ष रूप से आवंटन करवाने तथा जांच में गलत पाये जाने पर पहले से स्वीकृत निविदा को निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में तरूण सियोता ने बताया है कि ऑटो टीपर निविदा क्रमांक 190 दिनांक 7 अप्रेल 2026 डीएलबी राज्य सरकार द्वारा आमजन के हित में निकाली गई थी, जिसको स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने चहेते वेंडर्स को आवंटित करवाई या करवाई जा रही है।

जिसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जावे और गलत पाये जाने पर निरस्त की जावे। साथ ही नियम विरूद्ध निविदा धारकों और गलत रूप से आवंटन करने व प्रक्रिया अपनाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जावे। इसी प्रकार 2026-27 की ट्रेक्टर ट्रोली मय श्रमिक ड्राइवर व औजार डीजल सहित निविदा संख्या 12363 दिनांक 18 मार्च 2026 को व सफाई श्रमिक निविदा 12644 दिनांक 24 मार्च 2026 को तकनीकी बिड खोलने के बाद वितीय निविदा खुलवाने व उपापन समिति द्वारा फाइलों में नोटशीट के साथ गड़बड़ी करने के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाये जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

# सवा करोड़ के गबन के आरोप में बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केनरा बैंक के एक कर्मचारी को सवा करोड़ रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमनसिंह निवासी नोखागांव के रूप में हुई है। पुलिस मामले में विस्तृत जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार परिवादिया पूजा बिश्नोई पत्नी दिनेश बिश्नोई ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी फर्म का चालू खाता केनरा बैंक नोखा शाखा में संचालित है। बैंक द्वारा फर्म के नाम पर एक करोड़ साठ लाख रुपये का टर्म लोन तथा 25 लाख रुपये की सीसी लिमिट स्वीकृत की गई थी। परिवादिया के अनुसार उन्होंने करीब 95 लाख रुपये का उपयोग किया था लेकिन बाद में जानकारी मिली कि बैंक कर्मचारी ने कथित रूप से सीसी लिमिट को 25 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ 25 लाख रुपये कर अपने निजी लाभ के लिए उपयोग कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बीकानेर के निर्देश पर टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और वृत्ताधिकारी नोखा के सुपरविजन में थाना अधिकारी अरविंद कुमार पुनी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को नागौर जिले के गाढ़वाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# नगरपरिषद कार्यालय पर प्रदर्शन, दिया नोटिस का जवाब

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगपरिषद कार्यालय की गणेश मंदिर की ओर स्थित खिड़कियों के कांच कई जगह से टूटे हुए पड़े हैं। कारण है कि स्टेडियम में जब क्रिकेट का शोट लगता है, तब खिड़कियों के कांच टूट जाते हैं। इस मामले को लेकर हाल ही में नगरपरिषद के आयुक्त की ओर से स्नेह मिलन कमेटी सुजानगढ़ के राजा खान को नोटिस दिया गया था। नोटिस में बताया गया था कि हाल ही में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान लगे क्रिकेट शोट से अनेक खिड़कियों के कांच टूट गए हैं जो कि राजकीय सम्पति को नुकसान पहुंचाने की श्रेणी में आता है। इसलिए तीन दिनों में खिड़कियों का रिपेयरिंग करवाया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी जायेगी। इस नोटिस के बाद क्रिकेट प्रेमियों में आक्रोश फैल गया और शुक्रवार को अनेक खेल प्रेमी प्रदर्शन करते हुए नगरपरिषद कार्यालय पर पहुंचे और नारेबाजी की। इसके बाद राजा खान की ओर से नोटिस का जवाब दिया गया। जिसमें बताया गया है कि राजनीतिक दुर्भावना के चलते मुझे ये नोटिस दिया गया है क्योंकि स्टेडियम की तरफ तो जाली लगी हुई है, जिससे बॉल पार नहीं हो सकती। ये खिड़कियां पहले से टूटी हुई हैं, जिसके बारे में सहायक अभियंता को मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी। इसलिए मुझे बेवजह मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जावे। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि नगरपरिषद का भवन स्टेडियम के अंदर ही बना हुआ है। शाहिद खान कायमखानी ने बताया कि शहर के एक मात्र मैदान में नगरपरिषद की बिल्डींग बनाई गई और इसमें बैठे अधिकारी अब स्टेडियम में खेल रहे लोगों को परेशान कर रहे हैं, ऐसा सहन नहीं किया जा सकता। नगरपरिषद खिलाड़ियों को परेशान करने की बजाय जनता की समस्याओं का समाधान करे। प्रदर्शन के दौरान परवेज खान, इरफान, राजा खान, आजाद, मुकेश, अकरम, सद्दाम, आमीर, जावेद, अब्दुल पंवार, आरिफ, रेहान, समीर, वसीम, सुशील गुर्जर, शशिकांत, अजय, राजेश, रोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नोटिस का जवाब एटीपी उदयसिंह को सौंपा गया।

# ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद गोपालपुरा में शराब ठेका हुआ बन्द



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के ग्रामीणों ने बनिया बास स्कूल के पास स्थित शराब ठेके पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और शराब ठेके को बंद करने की मांग की। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि गांव के मोहल्लों में शराब ठेके की अवैध ब्रांच खुलने के कारण ग्रामीण परेशान है। राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, बाणिया बास गोपालपुरा के प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग ने बताया कि एक दो दिन से बालिकाएं शिकायत कर रही हैं कि शराब के नशे में शराबी उनके पीछे दौड़े, जिसके कारण बालिकाओं में डर का माहौल है। दूसरी ओर कुछ अभिभावकों ने बालिकाओं को स्कूल भेजने से मना कर दिया, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि पिछले डेढ़ से दो साल से लगातार पंचायत द्वारा ज्ञापन दिया जाकर प्रशासन के संज्ञान में लाया जाता रहा है। इस ब्रांच से होकर महात्मा गांधी विद्यालय के बच्चे निकलते हैं और बच्चियों को काफी दिक्कत आती है। जिसके कारण हमारी मांग है कि मोहल्लों में खुली शराब की अवैध ब्रांचे बंद करवाई जावे और जनता को राहत प्रदान की जावे।

दूसरी ओर ठेके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने मिलकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सदर थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान में रखी शराब के कार्टन जब्त कर लिए। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि दुकान को बंद करवा दिया गया है। इस दौरान कैलाश मेघवाल, कमली, आचू, श्रवणराम, कानसिंह, त्रिलोक, नेमाराम प्रजापत, रामनिवास, ग्यारसी, भंवरी, मंगलाराम, परमेश्वरी, नरेंद्रसिंह, कैसाराम, खेता राम, पूर्णाराम, डाली बाई, गौरीशंकर, धर्माराम, खेतू देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रशासक ने बताया कि नायक बस्ती की ब्रांच को भी बंद करवा दिया गया है। सब इंस्पेक्टर गीता रानी भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। दूसरी ओर शराब की दुकान बंद होने से स्कूली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है।

## बोलेरो पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** एक बोलेरो पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तारानगर तहसील के करणपुरा गांव निवासी रामकुमार जाट पुत्र उमाराम जाट बाइक पर गुरुवार शाम को लाल खां बस स्टैंड चूरू सड़क से अपने गांव करणपुरा आ रहा था। उस दौरान जब रामकुमार गांव से थोड़ी दूरी पर पहुंचा तो सामने से आ रही एक बोलेरो पिकअप ने बाइक के टक्कर मार दी जिससे रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल रामकुमार को तारानगर के सरकारी अस्पताल लेकर आए। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने रामकुमार को तारानगर से चूरू व इसके बाद चूरू से जयपुर रैफर कर दिया गया। जयपुर ले जाते समय रात्रि को रामकुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को मृतक रामकुमार के पुत्र कृष्ण कुमार की रिपोर्ट पर शव का तारनगर मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा कर उसे परिजनों को सौंप दिया तथा बोलोरो पिकअप चालक के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कुलदीप बार-बार बदल रहे हैं पार्टियां: ढ़ेनवाल



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महापुरूषों की मूर्तियां लगवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिये जा रहे धरने पर इकबाल खान कायमखानी, शशिकान्त तेजस्वी, मुकेश गोयल, अजय सियोता, विनोद ढ़ेनवाल, हंसराज, अमित लाखन, मुरारी, शाहिद खान कायमखानी, राजेश लाखन, राजेश, सुनील सियोता, इरफान खान, राजा खान, मुकेश सैन, इरशाद खादि आदि बैठे। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि जब तक महापुरूषों की मूर्तियां नेहरू पार्क में नहीं लग जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप द्वारा हाल ही में धरने को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि यह धरना टेंडर लेने के लिए नहीं है, बल्कि महापुरूषों के सम्मान की लड़ाई है। ढ़ेनवाल ने कहा कि कुलदीप पहले कांग्रेस में रहे, फिर आरएलपी में और अब भाजपा में गए हैं, कल किस पार्टी में होंगे, कोई नहीं जानता। ढ़ेनवाल ने कहा कि बाबूलाल कुलदीप को दिवंगत मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने राजनीति सिखाई थी, वो उनके नहीं हुए तो जनता के क्या होंगे। दूसरी ओर ढ़ेनवाल ने कहा कि कुलदीप को जनता के साथ होना चाहिए न कि ठेकेदारों का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में भाजपा नेताओं को मांग करने की क्या जरूरत है, आप करवाईये जोन से टेंडर, आपको किसने रोका है। पार्षद रह चुके इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि पांच दिन बीत गए हैं और प्रशासन का एक अधिकारी वार्ता करने तक नहीं आया, जिससे पता चलता है कि अधिकारियों में जनहितों के प्रति कितनी संवेदनहीनता है।

# पेट से निकाली पांच किलो की गांठ

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय दुर्गादत्त फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका सिंघाटिया एवं उनकी टीम द्वारा मरीज सरिता देवी उम्र 23 वर्ष की 5 किलो की गांठ निकाली गई है। इसके लिए एक जटिल आपरेशन किए गया। मरीज के परिजन सीकरए चूरू तक गए पर इलाज ऑपरेशन वहां नहीं हुआ। फिर सुजानगढ़ एमसीएच विंग अस्पताल में सफलता पूर्वक इलाज संपन्न हुआ। मरीज की स्थिति अब सामान्य है। ऑपरेशन करने वाली टीम में एनस्थेटिस्ट डॉ. अशोक बुढ़ानिया, रूघाराम, राजेश, श्रीराम आदि शामिल रहे।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को भेजा ज्ञापन

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** मंत्रालयिक कर्मचारियों की विगत वर्षों से लंबित पदोन्नति समिति डीपीसी बैठक आयोजित करवाने एवं पूर्व में पदोन्नत कार्मिकों का पदस्थापन करवाने की मांग को लेकर तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे को ज्ञापन सौंपा गया है। ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जाट ने बताया कि जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की पदोन्नति समिति डीपीसी की बैठक विगत 2 वर्षों से आयोजित नहीं की गई है। इसके कारण बड़ी संख्या में पात्र कर्मचारी समय पर पदोन्नति से वंचित हैं तथा उनमें निराशा एवं असंतोष की भावना व्याप्त है। मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा विभागीय कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है, परंतु समय पर पदोन्नति नहीं होने के कारण कर्मचारियों के सेवा हित गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। पदोन्नति में हो रही अनावश्यक देरी के कारण कर्मचारियों की वरिष्ठता, दवेतन निर्धारण, भविष्य की पदोन्नति संभावनाएँ एवं अन्य सेवा लाभ भी प्रभावित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 3 वर्ष पूर्व आयोजित डीपीसी बैठक में जिन मंत्रालयिक कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया था, उनका आज तक पदस्थापन नहीं किया गया है। इससे संबंधित कर्मचारियों को पदोन्नति का वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं मिल पा रहा है। कई कार्मिक आज भी पूर्व पदों पर कार्य करने को विवश हैं, जिससे प्रशासनिक कार्य व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में सरकार से कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर विचार करने की मांग रखी गई है।

# रसोई घर से स्वास्थ्य जागरूकता की अनोखी पहल

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** सामाजिक व स्वास्थ्य कार्यकर्ता किरणराज द्वारा संचालित मिशन स्वस्थ समृद्ध परिवार का उद्देश्य नारी को उसके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन का इस मूल विचार पर कार्य कर रहा है कि आपकी अपनी रसोई ही ब्रह्मांड की पहली चिकित्सालय है जहाँ से सरल, सुरक्षित और स्वदेशी उपचार द्वारा अनेक सामान्य बीमारियों का समाधान संभव है। संस्था के माध्यम से महिलाओं को यह सिखाया जाता है कि छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए तुरंत अस्पताल जाने के बजाय, घरेलू व प्राकृतिक उपाय अपनाकर घर पर ही उपचार किया जा सकता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है बल्कि शरीर पर दवाओं का अनावश्यक दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता। उदाहरण स्वरूप साधारण बुखार की स्थिति में दाना मेथी को पानी में उबालकर छानकर दिन में 2 से 3 बार पीने से आराम मिलता है। वहीं गले में दर्द या खराश होने पर हल्दी मिला हल्का गुनगुना पानी पीना एक प्रभावी घरेलू उपाय है। इस प्रकार के स्वदेशी नुस्खे हमारी परंपरा का हिस्सा रहे हैं और आज भी उतने ही उपयोगी हैं।

### नारी स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष जागरूकता

स्वस्थ समृद्ध परिवार विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं को सुरक्षित, प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल अनायन सेनेटरी नेपकिन के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाता है। रसायन-मुक्त विकल्प अपनाने से गर्भाशय से जुड़ी समस्याओं-जैसे ल्यूकोरिया, पीसीओडो और अनियमित मासिकधर्म सर्वाइकल कैंसर, पेट दर्द, कमर दर्द में सुधार और रोकथाम संभव है संस्था का उद्देश्य महिलाओं को अपने शरीर को समझनेए स्वच्छता के प्रति सजग रहने और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार

जब घर की माँ, बहन, बहू और बेटी स्वस्थ रहती हैं, तभी परिवार और समाज समृद्ध बनता है। घर की नारी ही घर की लक्ष्मी होती है और उसका स्वास्थ्य ही पूरे परिवार की खुशहाली की कुंजी है। इसी सोच के साथ स्वस्थ समृद्ध परिवार संस्था महिलाओं को जोड़कर एक जागरूक, सशक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# आईपीएल मैच को लेकर यातायात पुलिस की तैयारी

## सवाई मानसिंह स्टेडियम के आसपास रहेगा रूट डायवर्जन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को होने वाले राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच को लेकर जयपुर यातायात पुलिस ने कमर कस ली है। मैच देखने आने वाले हजारों दर्शकों, वीआईपी, विशिष्ट अतिथियों और खिलाड़ियों की सुरक्षा व सुगम यातायात संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस ने मैच के दौरान स्टेडियम के आसपास के इलाकों को नो-पार्किंग जोन घोषित किया है और सुचारू आवागमन के लिए रूट डायवर्जन लागू किया है।

### वाहनों के अत्यधिक दबाव पर यहाँ रहेगा डायवर्जन

यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल के अनुसार मैच के दौरान शाम को वाहनों का दबाव बढ़ने पर निम्नलिखित स्थानों से रूट डायवर्ट किया जाएगा। जिसके चलते यूनिवर्सिटी मोड़ टोंक रोड की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को जनता स्टोर से डायवर्ट कर समानांतर मार्गों पर भेजा जाएगा। वहीं सामान्य वाहनों को गांधीनगर मोड़ से गांधी सर्किल की तरफतथा आरबीआई कट से गणेश मंदिर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। रामबाग चौराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को जेडीए चौराहा से गांधी सर्किल या त्रिमूर्ति सर्किल की तरफ मोड़ा जाएगा। अम्बेडकर सर्किल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को पृथ्वीराज रोड व भगीरथ मार्ग की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। अम्बेडकर सर्किल की तरफ आने वाले यातायात को आवश्यकतानुसार हवा सड़क या ज्योति नगर टी-प्वाइंट की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। टोंक रोड से पंकज सिंघवी मार्ग पर जाने वाले वाहनों को टोंक रोड पर सीधा निकाला जाएगा। मैच के दौरान शाम को इन प्रमुख सड़कों पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहेगा। पुलिस ने आमजन से इन मार्गों के बजाय समानांतर रास्तों का प्रयोग करने की अपील की है। इसके अलावा गांधीनगर मोड़ से नारायण सिंह तिराहा तक टोंक रोड, जेडीए चौराहा से रामबाग चौराहा, अम्बेडकर सर्किल और 22 गोदाम तक भवानी सिंह रोड, स्टैच्यू सर्किल से अम्बेडकर सर्किल तक भगवान दास रोड, जनपथ, पंकज सिंघवी मार्ग और कठपुतली मार्ग पर यातायात का दबाव रहेगा। साथ ही सवाई मानसिंह स्टेडियम का पूरा बाहरी क्षेत्र नो-पार्किंग जोन रहेगा। हालांकि, दर्शकों की सुविधा के लिए ओला, उबर और रैपिडो जैसे राइड-शेयरिंग वाहनों के लिए निर्धारित पिकअप और ड्रॉप पॉइंट्स तय किए गए हैं।

### एम्बुलेंस को निर्बाध रास्ता

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मैच के दौरान एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के आपातकालीन वाहनों के आवागमन पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं रहेगा और वे निर्बाध रूप से आ-जा सकेंगे।

# फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जीते 80 पदक

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** आईसीएसई नॉर्थ-वेस्ट रिजन जोन-ई स्पोर्ट्स एंड गेम्स-2026 प्रतियोगिता में जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 80 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की अनेक आईसीएसई स्कूल्स ने भाग लिया।

फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने स्विमिंग, स्केटिंग, टेबल टेनिस, ताइक्कांडो एवं चेस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदक, 14 रजत एवं 16 कांस्य पदक सहित कुल 80 पदक हासिल किए हैं। फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल के स्वर्ण पदक विजेता 50 विद्यार्थियों का चयन रिजनल लेवल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशिका डॉ मीनाली सुंडा एवं प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190